दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 56 | जयपुर, रविवार, 04 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### पूर्व एएजी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बने महाधिवक्ता



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की महाधिवक्ता के रूप में नियुक्ति के राज्य सरकार के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

गुप्ता वसुंधरा सरकार के समय अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं। वे जनवरी 2014 से जनवरी 2019 तक इस पद पर रहे। वकालत के क्षेत्र में उनकी अच्छी प्रतिष्ठा मानी जाती है और 1985 से हाई कोर्ट की जयपुर बेंच में प्रैक्टिस कर रहे हैं। वे नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर के एकेडमिक मेंबर हैं। उन्होंने एलएलबी के साथ सीए की है।

### सीएम भजन लाल शर्मा ने चित्रा सिंह को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जोधपुर में पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल की पत्नी चित्रा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शर्मा ने शोक सभा में पहुंचकर चित्रा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश के चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार के. के. विश्नोई भी मौजूद थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान:** बेटी ने लड्डू खिलाकर दी आडवाणी को सूचना, बरस पड़े नयन...

# भाजपा के पितामह लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न'

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका ऐलान करते हुए एक्स पर पोस्ट डाली। उन्होंने कहा कि वह इस सम्मान का ऐलान करते समय भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। बीजेपी के पितामह कहे जाने वाले आडवाणी इस साल यह सम्मान पाने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनसे पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 26 जनवरी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। आडवाणी के परिवार ने इस पर खुशी जताई है और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया है। लालकृष्ण आडवाणी की बेटी प्रतिभा आडवाणी को दिल्ली में उनके आवास पर आडवाणी के साथ बैठे देखा गया और उन्होंने अपने पिता को लड्डू खिलाकर बधाई दी।



### आंखों में आ गए आंसू...

आडवाणी की बेटी ने कहा, 'वे (आडवाणी) बहुत अभिभूत हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं, लेकिन उनकी आंखों में आंसू थे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय भी वह बहुत खुश थे। यह उनके जीवन का एक ऐसा सपना था, जिसके लिए उन्होंने संघर्ष किया और लंबे समय तक काम किया। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि जब कोई उनकी तारीफ करता है तो उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं।' आडवाणी के पुत्र जयंत आडवाणी ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि उनके जीवन के इस पड़ाव पर उनके प्रयासों को इस शानदार तरीके से मान्यता मिल रही है।

### भारत रत्न के मायने

भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सिफारिश की जाती है। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (सर्टिफिकेट) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।



"मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**एम्स में दीक्षांत समारोह:** 241 करोड़ रुपए के कार्यों की सौगात देने के साथ बोले केंद्रीय मंत्री मांडविया...

# डॉक्टर्स निभाएं विकसित भारत के निर्माण में भूमिका

## स्वास्थ्य सूचकांकों में राज्य को बनाएंगे अग्रणी: सीएम शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि तमाम चिकित्सकों को पूरी निष्ठा और सामर्थ्य के साथ काम कर वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

मांडविया शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने समारोह में उपाधि पाने वाले चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश में चिकित्सक को कॉमर्शियल प्रोफेशन नहीं मानकर सेवा का दर्जा दिया जाता है, ऐसे में सभी चिकित्सक मरीज की सेवा को सर्वोच्च मानकर अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि अगर 140 करोड़ भारतीय एक संकल्प के साथ कार्य करेंगे तो देश बहुत आगे बढ़ जाएगा।



### केन्द्र ने दी 120 करोड़ रु. की सहायता: CM

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सभी स्वास्थ्य सूचकांकों में राज्य को देश में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकार द्वारा संकल्प पत्र में शामिल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े सभी बिन्दुओं को सौ प्रतिशत अमल में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन से जुड़े कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत केन्द्र ने 120 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की है।

### 834 लोगों की आबादी पर एक डॉक्टर

सीएम शर्मा ने कहा कि बीते एक दशक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत चिकित्सा क्षेत्र के मानकों में बेहतर स्थिति में आ गया है। देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 381 से बढ़कर 706 हो गई है तथा एमबीबीएस सीटों की संख्या 54 हजार 348 से बढ़कर 1 लाख 9 हजार से ज्यादा हो गई है। केन्द्र के अथक प्रयासों से वर्तमान में देश में 834 लोगों की आबादी पर एक डॉक्टर उपलब्ध है।

### नर सेवा नारायण सेवा

शर्मा ने डिग्री प्राप्त करने पर सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि आपका हर कार्य सेवा माना जाता है तथा चिकित्सक अपने मरीज के लिए 24 घंटे उपलब्ध होते हैं जो सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि गांव- ढाणी में जब चिकित्सक जाता है तो उसे भगवान की दृष्टि से देखा जाता है ऐसे में सभी चिकित्सकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाकर उनका इलाज करना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा है।

### अंगदान रजिस्ट्री में पहले स्थान पर

शर्मा ने राज्य में चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में अंगदान की ऑनलाइन रजिस्ट्री में राजस्थान पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में 63 लाख लोगों के आयुष्मान भारत कार्ड की ईकेवाईसी हुई है तथा 9 हजार 947 स्वास्थ्य केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है।

### शेखावत ने दी दमानी के अंशदान की सूचना

इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जोधपुर एम्स में डीमार्ट के संस्थापक राधाकृष्ण दमानी द्वारा 100 करोड रुपए के सामाजिक उत्तरदायित्व अंशदान की सहमति दी गई है जो हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।

### शिलान्यास और उद्घाटन

समारोह में जोधपुर एम्स सहित देश के विभिन्न एम्स और राजस्थान में 241 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं एवं सुविधाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, एसीएस शुभ्रा सिंह, एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉक्टर एस.एस. अग्रवाल और कार्यकारी निदेशक मधाबनंदा भी मौजूद थे।

**जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल:** *राजस्थान की पूर्व राज्यपाल और कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा ने कहा- कई जज राज्यपाल बनने की लाइन में और बोलीं...*

# 'राज्यों में राजभवन पार्टी ऑफिस की तरह कर रहे हैं काम'

### भाजपा ने सिस्टम चेंज करने का दी थी सलाह

**बेधड़क** | जयपुर

यहां चल रहे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में शनिवार को तीसरे दिन राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा ने कहा कि पहले भी कई जजों को गवर्नर पद से नवाजा जा चुका है, कई बड़े जज आज भी राज्यपाल बनने की लाइन में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वविदित है कि केंद्र में सत्तारूढ किसी भी पार्टी के प्रति वफादारी का इनाम राज्यपाल पद पर नियुक्ति के रूप में मिलता है।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मार्गरेट अल्वा 'हम लोग : केंद्र और राज्य' विषय पर आयोजित सेशन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि वाकई यह किसी से छिपा नहीं है कि किसी पार्टी के प्रति वफादारी निभाने का इनाम गवर्नर के रूप में मिलता है। ये हमेशा होता आ रहा है, लेकिन बीजेपी ने खुद एक सुझाव दिया था कि सिस्टम में बदलाव होना चाहिए। उन्होंने बताया, भारतीय जनता पार्टी का सुझाव था कि विधानसभा की ओर से चुने हुए नाम का एक पैनल भेजना चाहिए और उस पैनल के नामों पर इंटर स्टेट काउंसिल को फैसला लेना चाहिए।




### सुझाव पर अमल होता तो...

अल्वा ने कहा कि इस सुझाव पर अमल होता तो गवर्नर का पद संबंधित राज्य से भेजे गए नाम से तय होता, न की केंद्र सरकार या राष्ट्रपति भवन से। हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के चयन के हमारे पास और दूसरे विकल्प भी हो सकते हैं। किसी ने कहा कि हमारे पास कुछ फॉर्मर जजेज हैं, लेकिन क्या हम इन दिनों जज के रिकॉर्ड्स नहीं देख रहे हैं। हाई कोर्ट के बड़े-बड़े जज भी इसी लाइन में लगे हैं।

## बिन बरसे चले गए बदरा... आज ऑरेंज अलर्ट

*__जयपुर।__ प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते शनिवार को प्रदेश के अधिकांश इलाकों में मौसम सुहाना बना रहा। बादलों की आवाजाही रही, अलबत्ता बीकानेर, जैसलमेर व जोधपुर में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी ही हुई। न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के चलते पिछले दो दिन के बजाय कुछ ठंडक बढ़ी। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को राजधानी जयपुर सहित जोधपुर, नागौर, अजमेर, सीकर, झुंझुनू, अलवर, दौसा, करौली, भरतपुर व धौलपुर जिलों में बारिश व ओलावृष्टि हो सकती है। इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।*



फोटो: राजेश कुमावत

**समुद्र में बढ़ी भारत की ताकत**

# नई ताकत के साथ फिर नौसेना में आया सर्वे वेसल लार्ज INS संधायक

- रक्षा मंत्री सिंह बोले- बर्दाश्त नहीं करेंगे समुद्री लूट व तस्करी
- 11000 किमी रेंज, 3400 टन वजन और 30 किमी प्रतिघंटा की गति
- इसमें तैनात हो सकते हैं 18 अधिकारी और 160 नौसेनिक

**बेधड़क** | विशाखापत्तनम

समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में आयोजित समारोह मे भारतीय नौसेना के पहले सर्वे वेसल लार्ज जहाज आईएनएस संधायक को विधिवत रूप से नौसेना में शामिल किया।

इस जहाज का मुख्य काम समुद्र में निगरानी रखना और जहाजों के परिवहन को आसान बनाना है। ये बंदरगाहों, नौवहन चैनलों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्रों का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करेगा। आईएनएस संध्याक की कमीशनिंग सेरेमनी में रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्री डकैती और तस्करी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह न्यू इंडिया की प्रतिज्ञा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आईएनएस संधायक भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक महाशक्ति के रूप में देश की भूमिका को और मजबूत करते हुए भारतीय नौसेना की शांति व सुरक्षा बनाए रखने में मदद करेगा। हमने हाल ही में 80 मछुआरों को बचाया है, यह हमारी नौसेना की मंशा और शक्ति को दिखाता है।




नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना शांति और समृद्धि सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित व्यापार की सुविधा प्रदान कर रही है। कई रक्षा विशेषज्ञ इसे एक महाशक्ति का उदय बता रहे हैं। हर किसी की रक्षा करना हमारी संस्कृति है।

### शानदार इतिहास के साथ हुई वापसी

INS संधायक भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे 4 सर्वे जहाजों की श्रेणी का पहला जहाज है। हालांकि यह 1981 से 2021 तक नौसेना का हिस्सा रहा है। 4 जून, 2021 को इसे और आधुनिक बनाने के लिए नौसेना से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। अपने 40 साल के इतिहास में संध्याक ने भारतीय प्रायद्वीप के पश्चिमी और पूर्वी तटों, अंडमान सागर, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में 200 से अधिक हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण किए थे। जहाज ने कई महत्वपूर्ण अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई थी। इनमें 1987 में श्रीलंका में ऑपरेशन पवन और 2004 में सुनामी के बाद मानवीय सहायता के लिए ऑपरेशन रेनबो शामिल है। अब इसे नई तकनीक और पुराने नाम के साथ दोबारा नौसेना का हिस्सा बनाया गया है। 4 दिसंबर, 2023 को नौसेना दिवस के मौके पर इसे नौसेना को सौंपा गया था।

### इसलिए खास है यह जहाज

INS संधायक की रेंज 11,000 किलोमीटर है। यह 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है। जहाज का वजन 3400 टन और कुल लंबाई 110 मीटर है। इसका बीम 16 मीटर है। आईएनएस संधायक गहरे और उथले पानी के मल्टी-बीम इको-साउंडर्स और उपग्रह-आधारित पोजिशनिंग सिस्टम सहित अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है। जहाज में बोफोर्स गन लगी है और इस पर चेतक हेलिकॉप्टर की तैनाती भी की जा सकती है।

## जरूरी खबर

### पीड़ित महिला को सौंपा 6 लाख रुपए का चेक



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में कोरोना काल में अपने पति, ससुर, सास, देवरानी सहित कुल 6 परिजनों को खोने वाली पीड़िता महिला अनिता वैष्णव को बैंक से ऋणी मकान को नीलामी से बचाने के लिए 12 लाख रुपए के ऋण के चुकता के लिए 6 लाख रुपए की राशि का चेक सौंपा। यह चेक स्टोन स्मॉल स्केल एसोसिएशन रामगंजमंडी की तरफ से भेंट किया गया। बैंक से निगोशिएशन के बाद बची शेष राशि मंत्री द्वारा अपने तरफ से व्यवस्था करने की घोषणा की।

### फर्जी गतिविधियों में लिप्त ई-मित्र की मान्यता रद्द

**बेधड़क. जयपुर।** जालसाजी करने एवं फर्जी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले जयपुर जिले के चार ई-मित्र कियोस्क को बर्खास्त कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने बताया कि बर्खास्त ई-मित्र कियोस्क मूल निवास प्रमाण पत्रों में प्रस्तुत दस्तावेजों में जालसाजी के दोषी पाए गए हैं। इसमें कियोस्क सुनील प्रजापत (एसवीजी एक्सप्रेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड), सुरेन्द्र कुमार सोनकरिया (अर्चना टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड), राजेन्द्र कुमार (हैप्पी टू हेल्प यू टेक्नोलॉजी) एवं विक्रम सामोता (सीएमएस कंप्यूटर्स लिमिटेड) को जालसाजी करने एवं फर्जी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर बर्खास्त किया गया है।

### भाजपा नेता को बजरी माफिया ने गोली मारी



**बेधड़क. जयपुर।** दिनदहाड़े भाजपा नेता को बजरी माफिया ने गोली मार दी। बाइक पर आए 2 बदमाशों ने 10 मीटर दूर से फायरिंग की। गोली सीधे नाक और आंख के बीच में लगी। गोली सर्वाइकल स्पाइन में फंस गई है। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे लोग दौड़ कर आए। भाजपा नेता को भीलवाड़ा हॉस्पिटल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर कर दिया गया। उधर, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। मामला भीलवाड़ा के मंडल इलाके का है।

## आरक्षण की मांग पर जाट समाज में दो फाड़

# भरतपुर महापंचायत में बोले विश्वेंद्र सिंह, बंद हो महापड़ाव

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी वर्ग में लाभ लेने के लिए भरतपुर और धौलपुर जाट समाज द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर शनिवार को भरतपुर शहर में एक निजी गार्डन में महापंचायत का आयोजन किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सीएम और डिप्टी सीएम से आरक्षण को लेकर वार्ता हुई है और उन्होंने कहा है कि आप आरक्षण संघर्ष समिति की कमेटी बनाकर जयपुर वार्ता के लिए भेजे। आरक्षण की मांग को लेकर के केंद्र में राजस्थान सरकार की ओर से चिट्ठी लिखकर भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के कुछ लोगों के द्वारा जगह-जगह छोटे-मोटी पंचायत कर महापड़ाव बंद होना चाहिए। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जाट समाज में दो फाड दिखाई दे रहे हैं।





### महापंचायत का आयोजन

जाट समाज के दूसरे लोगों के द्वारा उच्चैन उपखंड के गांव जयचोली में 18 दिन से महापड़ाव हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री में कहा है कि सरकार से तीन बार वार्ता करेंगे उसके बाद समाज के द्वारा गठित की गई कमेटी और संयोजकों से बात कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। शहर के एक निजी गार्डन में भरतपुर, धौलपुर और डीग जिले के जाट समाज के लोगों की एक महापंचायत आयोजित हुई। महापंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी थी, लेकिन केंद्र सरकार ने गंभीरता से मामले को नहीं लिया।

### हाईवे और ट्रैक जाम करने से युवाओं को परेशानी

उन्होंने कहा है कि हमारी इस मांग का समर्थन 36 कौमों के द्वारा किया जा रहा है और यह हमारा हक है। हम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। हम सरकार से तीन बार वार्ता करेंगे। अगर सरकार सकारात्मक फैसला लेती है तो ठीक वरना उसके बाद में कमेटी आगे की रणनीति बनाएगी। उन्होंने कहा कि हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम करने से लगने वाले केसों से युवाओं की नौकरी में परेशानी आती है इसलिए वार्ता से ही बात बनेगी।

### नेम सिंह फौजदार की अगुआई में हो रहा महापड़ाव

पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ लोग छोटे-मोटे महाप्रभु डालकर जगह-जगह महापंचायत का आयोजन कर रहे हैं ऐसे महापड़ाव ऐसे बंद होने चाहिए। इस बयान से स्पष्ट दिखाई देता है कि जाट समाज आरक्षण की मांग को लेकर अब दो गुटों में बट चुका है। मालूम हो कि भरतपुर, धौलपुर जाट आरक्षण संर्घष समिति का धरना बीते 18 दिनों से भरतपुर के उच्चैन उपखंड के जयचौली गांव में जारी है। जिसके संयोजक नेम सिंह फौजदार है। इस महापड़ाव से इतर अब पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह की अगुआई में महापंचायत का आयोजन किया गया। जिससे जाट आंदोलन अब बिखड़ता हुआ नजर आ रहा है।

## मुख्यमंत्री का जोधपुर दौरा... अधिकारियों के साथ की बैठक

# विकास का संकल्प पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि आमजन की परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक के कार्यालयों में औचक निरीक्षण किए जाएं।

शर्मा शनिवार को जोधपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में संभागस्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने की दिशा में 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने नियमित रूप से जन सुनवाई करने व मॉनिटरिंग कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने संभाग में बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति, चिकित्सा सुविधाओं, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कानून-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार के.के. बिश्नोई, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक बाबूसिंह राठौड़, भैराराम सियोल, पब्बाराम विश्नोई, संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा, आईजी रेंज जयनारायण शेर, संभाग के सभी जिलों के जिला कलेक्टर, पुलिस उपायुक्त (जोधपुर), सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा प्रमुख प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



### पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कृषि उपभोक्ताओं के लिए रबी सीजन में सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने समय से घरेलू व कृषि बिजली कनेक्शनों को जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली छीजत को कम करने के लिए जिला प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य योजना बनाकर इसे पूरा करें।

### प्रतिदिन एक घंटे करें जनसुनवाई

मुख्यमंत्री ने संभाग के सभी जिला कलक्टर व पुलिस आयुक्त, उपायुक्त व सभी पुलिस अधीक्षकों को नियमित रूप से 1 घंटे जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलो में एक विशेष हेल्पलाइन नम्बर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन अपनी परिवेदनाएं दर्ज करा सकें। उन्होंने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए व उन्हें राहत प्रदान करने हेतु समय पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

### प्रदेश में जीतेंगे सभी सीटें... सीएम ने दिया विजय का मंत्र

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को जोधपुर के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल ने कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान उन्हें जीत का मंत्र दिया। इस दौरान सीएम ने कांग्रेस पर भी हमला बोला।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आपने राजस्थान विधानसभा चुनाव में अपने आप को साबित किया है। ऐसी ही मेहनत अब लोकसभा चुनाव में बूथ स्थर तक करनी है। इस बार राजस्थान की पूरी 25 सीटें हम जितेंगे। हमारा लक्ष्य यह है कि हर बूथ पर हमे 65 प्रतिशत से अधिक वोट मिले। सीएम के साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, केबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, जोगाराम पटेल, सभी विधायक और भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता यह नहीं सोचे कि उनके काम को पार्टी नहीं देख रही हैं। आप सभी पार्टी के कैमरे की नजर में हो। इसका उदाहरण आपने इस चुनाव में देख लिया है। इसलिए आप पार्टी के लिए मेहनत करते रहें। सीएम ने देश में बने गठबंधन इंडिया को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में तो सभी आपस में लड़ते हैं और एक-दूसरे को कोसते हैं, लेकिन लोकसभा में एक साथ चुनाव लड़ने की बात कहते है, यह कैसे संभव है। सीएम के एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### समय से पूरे करें जल जीवन मिशन के कार्य

शर्मा ने कहा कि प्रधानामंत्री नरेन्द्र मोदी के जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल-हर घर नल सपने को साकार करने के लिए चल रहे प्रोजेक्टस को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा करे। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्टस का औचक निरीक्षण भी किया जाए। साथ ही अवैध कनेक्शन व पानी की चोरी को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी कर ठोस कार्यवाही करें।

## खबरों में बेधड़क खबर

### RPSC मेंबर का ख्वाब देख रहे हैं ब्रेवो साहब





राजधानी में तैनात एक ब्रेवो साहब रिटायरमेंट के बाद अब आरपीएससी मेंबर बनने का ख्वाब देख रहे हैं। इसके लिए साहब ने एड़ी-चोटी का पूरा जोर लगा रखा है। साहब की पिछली सरकार में भी एक मंत्री से काफी नजदीकियां थी। ऐसे में वे नजदीकियों का फायदा उठाकर पोस्टिंग लेने में कामयाब हो गए थे। लेकिन अब साहब मेंबर बनने के लिए सचिवालय में पावर सेंटर वाले भवन के चक्कर लगा रहे हैं। चक्करबाज साहब की खाकी में इन दिनों काफी चर्चा है।

### साहब का उतर गया पोस्टिंग का बुखार



हाल ही में जारी की गई आईपीएस तबादला सूची को लेकर कई बड़े साहबों की खुमारी उतर गई। लालकोठी वाले सात मंजिला भवन के तीसरे माले व घाटगेट वाले भवन में बैठने के लिए झटपटा रहे साहब का तबादला सूची आने के बाद पोस्टिंग का बुखार उतर गया है। साहब ने प्राइम पोस्टिंग के लिए मुखिया के नजदीकियों का हवाला देकर ख्वाब सजा रखे थे, लेकिन सूची आने के बाद साहब के पूरे प्रयास फेल हो गए हैं। चर्चा है कि अब साहब का इसी पद से रिटायरमेंट होना तय है।

### अफसरों की झूठी शिकायतें करवा रहे हैं ब्रेवो



खाकी के ब्रेवो साहब अकसर अपनी कुंठित कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहते हैं। इन दिनों साहब अब अपने ही अधिकारियों के खिलाफ कुछ लोगों से घूस मांगने की उच्च अधिकारियों से झूठी शिकायतें करा रहे हैं, लेकिन साहब की तरकीब काम नहीं आ रही है। क्योंकि साहब की कार्यशैली से हर उच्च अधिकारी वाकिफ है। ऐसे में साहब की इस प्लानिंग का अधिनस्थों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। चर्चा है कि साहब अपने अधिनस्थों को जमीन से जुड़े मामलों में निजी स्वार्थ के कारण मनचाहा निर्णय कराने के लिए दबाव बनाते हैं।

### पैंथर को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी



लालकोठी वाले सात मंजिला भवन के पांचवे माले पर बैठने वाले एक पैंथर साहब को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। साहब की कार्यशैली पहले भी राजधानी में पोस्टिंग के दौरान साफ छवि की रही है। साहब कानून व्यवस्था बनाने में माहिर है। साहब की पोस्टिंग की चर्चा के बाद दूसरे पेंथर साहब का सिरदर्द बढ़ने लगा है, क्योंकि यह पेंथर साहब भी हर सरकार में पोस्टिंग लेने में माहौल के अनुसार खुद का ढाल लेते हैं। साहब के कैबिन में एक बड़े विवादित भू-कारोबारी की सीधी एंट्री भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

## बिना अनुमति गैरहाजिर अधिकारी की लगाई अनुपस्थिति

# दिलावर ने किया डाइट का औचक निरीक्षण, गंदगी देख हुए नाराज

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शनिवार को कोटा प्रवास के दौरान बिना सूचना डाइट भवन पहुंचे। शिक्षा मंत्री ने डाइट के भवन परिसर के निरीक्षण के दौरान शौचालय को साफ न देख कर नाराजगी जाहिर की तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके बाद वे एक-एक कक्ष में गए और वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से जानकारी ली। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी उमेश जोशी बिना सूचना एवं बिना सक्षम अधिकारी से अनुमति के अनुपस्थित पाए गए। इस पर मंत्री ने उपस्थिति रजिस्टर में उनकी अनुपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूरे विभाग में निर्देश हैं कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी अनुपस्थित नहीं रहेगा एवं इन आदेशों की पूरी निष्ठा से पालना होनी चाहिए। दिलावर ने कहा कि आदर्श प्रधानाध्यापक को अपने आचरण और व्यवहार का बहुत ध्यान रखना चाहिए।



## विश्व कैंसर दिवस आज

# समय पर इलाज से कैंसर का निदान संभव

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) के अवसर पर आमजन में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का आह्वान किया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर ही कैंसर की पहचान कर उसका समुचित उपचार लिया जाए तो इस बीमारी का निदान संभव है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोग के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों व्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि इन मिथकों को दूर करना समय की आवश्यकता है और इस दिशा में चिकित्सक, नर्सिंग समुदाय तथा स्वयंसेवी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आज इसके उपचार के लिए विभिन्न नई तकनीक मौजूद हैं।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें कैंसर रोगियों ने अपने जज्बे तथा जीजिविषा से इस रोग पर जीत हासिल की है। हम ऐसे लोगों को आदर्श के रूप में प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित कर सकते हैं।

## महिला कॉलेज का दीक्षांत समारोह

# जहां हाथ रखो वहां नासूर इसका करेंगे पक्का इलाज

**बेधड़क** | जयपुर

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा शनिवार को ग्रामीण महिला कॉलेज के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। इस दौरान वे मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में पिछले सालों में क्या-क्या हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है।

हम जहां भी छू रहे हैं, वहां नासूर ही नासूर है और ऊपर से चमड़ी चमकती है। खर्रा ने कहा कि नासूर का इलाज एक साथ नहीं होता। इसमें समय लगता है, लेकिन हम इस नासूर का पक्का इलाज करके छोड़ेंगे। प्रदेश में अवैध खनन को लेकर उन्होंने कहा कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध खनन करने वालों पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के आरपीएससी बंद करने की मांग पर कहा यूडीएच मंत्री ने कहा कि डोटासरा अधिवक्ता, चार बार विधायक, मंत्री व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। उनको यह जानकारी होनी चाहिए कि राजस्थान लोक सेवा आयोग एक संवैधानिक संस्था है और संवैधानिक संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने के क्या-क्या तरीके हैं।

## ऊर्जा राज्यमंत्री ने भारत सोलर एक्सपो-2024 का किया अवलोकन

# प्रदेश को बनाएंगे सोलर उपकरणों के निर्माण का हब

**बेधड़क** | जयपुर

ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि राजस्थान को सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में हब के रूप में विकसित किया जाए।

इस दिशा में उद्यमियों तथा निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में सरकार कोई कमी नहीं रखेगी। ऊर्जा मंत्री शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से आयोजित भारत सोलर एक्सपो-2024 का अवलोकन करने के बाद उद्यमियों, निवेशकों तथा प्रतिभागियों से संवाद कर रहे थे। नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्योदय जैसी महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है, जिसके तहत एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से भविष्य में राजस्थान सौर उर्जा का एक बड़ा हब बन सकेगा।



### एक ही छत के नीचे आ सकेंगे निर्माता

ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि इस सोलर एक्सपो के माध्यम से विभिन्न सोलर उत्पादों के निर्माता एक ही छत के नीचे आ सके हैं। राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल तथा अन्य पदाधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। एक्सपो में बड़ी संख्या में सोलर कंपनियों ने अपने उत्पादों एवं सेवाओं से संबधित स्टॉल प्रदर्शित की हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। तीन दिवसीय इस एक्सपो में देश के अलग-अलग राज्यों से आए प्रोजेक्ट डवलपर्स, ईपीसी कंपनियां, मॉड्यूल एवं उपकरण निर्माता, एमएसएमई तथा इस सेक्टर से संबंधित विभिन्न सेवा प्रदाता भाग ले रहे हैं। ऊर्जा राज्य मंत्री ने इन सभी से प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सुझाव लिए और सभी के सवालों के जवाब भी दिए।



## जरूरी खबर

### ‘इक्वेशंस’ के हिन्दी संस्करण का लोकार्पण




**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर में ‘फर्स्ट एडिशन’ सत्र में शिवानी सिब्बल के पहले बहुचर्चित उपन्यास ‘इक्वेशंस’ के हिन्दी संस्करण ‘सियासत’ का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण में शिवानी सिब्बल, मृदुला गर्ग, मीता कपूर और प्रभात रंजन शामिल रहे। फिर शिवानी सिब्बल और प्रभात रंजन से मीता कपूर ने इस उपन्यास पर चर्चा की। शिवानी सिब्बल के उपन्यास ‘सियासत’ में निजी महत्त्वाकांक्षाओं, पारिवारिक सीमाओं और सामाजिक बदलावों की एक दिलचस्प कहानी है। नए भारत के बदलते यथार्थ को लेखक ने इस उपन्यास में बारीकी से चित्रित किया है।

### अंतिम संस्कार से अंत्येष्टि तक का वादा उजागर

**जयपुर।** ‘द प्रॉमिस’ नामक एक सत्र में बुकर पुरस्कार विजेता डेमन गैलगुट ने अपनी किताब, ‘द प्रॉमिस’ के बारे में बात की, जो रिश्तों में पॉवर के खेल को व्यक्त करती है। किताब के बारे में बात करते हुए गलगुट ने कहा कि यह दक्षिण अफ्रीका में सबसे कठिन दशकों के दौरान उनके मित्र के परिवार में हुई चार अंत्येष्टि के इर्द-गिर्द रची गई थी, जिसमें परिवर्तनकारी परिवर्तन देखे गए। गैलगुट ने ‘द प्रॉमिस’ में उस वादे को उजागर किया, जो अंतिम संस्कार से अंत्येष्टि तक प्रसारित होता है और यह दक्षिण अफ्रीका के इतिहास से कैसे संबंधित है। जब उनसे पूछा गया कि एक लेखक के रूप में वह कैसे हैं, तो गैलगुट ने स्वीकार किया कि मैं सबसे गंदा, सबसे अराजक लेखक हूं, मैं पूर्ण अस्पष्टता और असंगति से शुरू करता हूं। वास्तव में यह नहीं जानता कि मैं क्या व्यक्त करना चाहता हूं, मैं इसे कैसे व्यक्त करना चाहता हूं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल:** पौराणिकी पर लिखने और बोलने वाले देवदत्ता पटनायक ने कहा... ‘पौराणिक कथाएं रोचक, लेकिन-

# ...इतिहास ससाक्ष्य घटनाओं की देता है जानकारी

### टीवी पर पौराणिक सीरियल्स में शास्त्रों वाली शांति नहीं

बेधड़क | जयपुर

पौराणिक कथाओं की प्रासंगिकता और मिथ पर लिखने वाले देवदत्ता पटनायक ने कहा कि माइथोलॉजी यानी पौराणिक कथाएं अप्रमाणिक हैं, जबकि इतिहास ससाक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पुराण रोचक कहानियां हैं, जो विचार है और सनातन है। यह सदियों से सत्य की ओर ले जाने का माध्यम हो सकता है, लेकिन इतिहास भूतकाल है, जो कहता है कि यह घटना घटी थी। माइथोलॉजी विश्वास है, जबकि इतिहास सत्य बताता है। उन्होंने लेफ्ट और राइट विंग के बारे में बताते हुए कहा कि देश के विकास के लिए जरूरी है कि सभी यह दोनों साथ मिलकर काम करें।

पटनायक शनिवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने टीवी पर पौराणिक कथाओं के सीरियल्स के संबंध में कहा कि टीवी का उद्देश्य टीआरपी बटोरने का है। उसमें किसी भी कथा को रोचक बनाने के लिए गई पात्रों और प्रसंगों में बदलाव कर दिया जाता है। इन



### वामपंथी और दक्षिणपंथी साथ काम करें

पटनायक ने कहा कि हमारे यहां शिव-शक्ति कॉन्सेप्ट है, जिसे राजनीति में भी अपनाना चाहिए। दरअसल, लेफ्ट यानी वाम शक्ति का और दायां यानी दक्षिण स्थान शिव का है। बिना शिव शक्ति के साथ आए सृष्टि नहीं चलती। इसी तरह, लेफ्ट और राइट यानी सत्ता पक्ष और विपक्ष के साथ आए बगैर भारत का विकास संभव नहीं है। राजा का कर्तव्य है कि सबको साथ लेकर चलना है, तभी उन्नति होगी।

### दिल टूटने पर भागते हैं किताबों की तरफ

सोशल मीडिया के किताबों पर पड़े प्रभाव पर पटनायक ने कहा कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स, अपनी पोस्ट या रील्स पर लाइक आदि के बाद जब एक दिन इस सबसे दिल टूटता है, तब व्यक्ति किताबों की ओर भागता है। उन्होंने कहा, मेरे मिलियन्स फॉलोअर्स हैं, जब मुझे एयरपोर्ट पर किसी ने नहीं पहचाना तो मैं डिप्रेशन में आ गया। तब मैं बुक स्टाल की तरफ भागा और अपनी ही किताब खरीदकर पढ़ने लगा।

### तब हो गए लाजवाब!

उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए यह कहा कि जिसके पास जिसका अनुभव हो, वही तो बता सकता है, कोई संन्यासी ऋषि कामशास्त्र के बारे में नहीं बता सकता। इस पर जब उन्हें बताया गया कि ऋषि वात्सयायन ने ही कामशास्त्र दुनिया को दिया, फ्रायड आदि तो बहुत बाद में आए, तो पटनायक ने यह स्वीकार कर ‘सॉरी’ बोला। अलबत्ता, वे अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके और उन्होंने जैन तीर्थंकरों और वेदों के बारे में किए गए अगले सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया।

## ‘जस्टिस: द वॉइस ऑफ द वॉइसलेस’ सेशन

### जस्टिस मदन बी लोकुर, शीतल कलंट्री और अपर्णा चंद्र व उत्तराखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस राघवेंद्र चौहान के साथ संवाद में जस्टिस मुरलीधर बोले...

# ‘न्यायपालिका कार्यपालिका के हस्तक्षेप से पूरी तरह अछूती नहीं’

### सुप्रीम कोर्ट को बस संविधान जो कहता है उसका पालन करें: जस्टिस लोकुर

बेधड़क | जयपुर

जेएलएफ में वरिष्ठ न्यायाधीशों के सेशन में यह विचार प्रतिपादित हुआ कि ‘आज हमारे पास ऐसी न्यायपालिका नहीं है, जो कार्यपालिका के हस्तक्षेप से पूरी तरह अछूती हो।’ इसके साथ ही ये आंकड़े भी सेशन से निकलकर सामने आए कि हर वर्ष 64 हजार लोग कोर्ट आते हैं। इनमें से 10% केस पर ही सुनवाई पूरी हो पाती है। 75 साल में 200 जस्टिस बने, लेकिन महिलाएं सिर्फ 11 से 14 ही सुप्रीम कोर्ट में जज बन पाई हैं। फ्रंट लॉन में आयोजित ‘जस्टिसः द वॉइस ऑफ द वॉइसलेस’ सेशन में जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस एस मुरलीधर, शीतल कलंट्री और अपर्णा चंद्र व जस्टिस राघवेंद्र चौहान ने संवाद किया।

जस्टिस मुरलीधर ने बातचीत के दौरान टिप्पणी की कि आज हमारे पास ऐसी न्यायपालिका नहीं है, जो कार्यपालिका के हस्तक्षेप से पूरी तरह अछूती हो। वहीं, जस्टिस मदन बी. लोकुर ने कहा, ‘भारत का संविधान स्वयं सर्वोच्च न्यायालय में आने के लिए पर्याप्त दिशा निर्देश प्रदान करता है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को बस इतना करना है कि संविधान जो कहता है उसका पालन करें।’ सत्र का समापन पैनलिस्टों द्वारा कॉलेजियम में महिला न्यायाधीशों की कमी और क्या सुप्रीम कोर्ट पितृसत्तात्मक सिंड्रोम से पीड़ित होने पर चर्चा के साथ उचित रूप से हुआ।




फोटो: पंकज शर्मा

### एआई गंभीर चिंता का विषय

जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा कि 10 मिलियन केसेज हैं। सुप्रीम कोर्ट में 17 ब्रांचेज हैं। 10 साल में प्राथमिकता के साथ केस को निपटाया गया है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी खासकर एआई बड़ी मुश्किल में डाल रहा है। इसकी वजह से हमारी निजी जिंदगी सेफ नहीं है। अपराध करने का तरीका अलग हो गया है। इसलिए सभी को टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बड़ी सावधानी से करना चाहिए।

### पुस्तक ‘कोर्ट ऑन ट्रायल’ पर चर्चा

इससे पूर्व सत्र की शुरुआत लेखिका और विधि की एसोसिएट प्रोफेसर अपर्णा चंद्रा ने पिछले 75 वर्षों में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका और संरचना में हुए भारी बदलावों के बारे में बोलते हुए की। चंद्रा ने अपनी सह-लिखित पुस्तक ‘कोर्ट ऑन ट्रायल’ में विषयों पर चर्चा करके बातचीत को आगे बढ़ाया। अपर्णा ने कहा- सुप्रीम कोर्ट में कई केस ऐसे आते हैं, जो लोअर कोर्ट के होते हैं। निचली अदालत अगर मामले सुलझाएं तो सुप्रीम कोर्ट को राहत मिले। जस्टिस राघवेंद्र चौहान ने कहा, ‘ये सही है कि कोर्ट में बड़ी संख्या में कई केस पेंडिंग है। सही गाइडलाइन के साथ सबकुछ सुलझाया जा सकता है।

### काफी वर्क प्रेशर

कोर्ट में चलने वाले लंबे वेकेशन के सवाल पर जस्टिस मुरलीधर ने कहा कि लोगों को यह लगता है कि 4.30 बजे कोर्ट बंद हो जाता है। सही मायने में जज कई कमेटियों में होते हैं। एडमिनिस्ट्रेशन का वर्क होता है, कई तरह के रुटीन वर्क होते हैं। जो कोर्ट रूम के बाहर के होते हैं। मैं खुद रात 9 बजे या 9.30 बजे तक कोर्ट परिसर में रहा हूं। यह आसान नहीं है, कितना वर्क ऑफ प्रेशर है।

## नीलकंठन ने की हिंदू ग्रंथों पर चर्चा

# गीता कृष्ण द्वारा थोपी गई बात नहीं

बेधड़क | जयपुर



‘द पावर ऑफ मिथ’ में आनंद नीलकंठन ने सत्यार्थ नायक के साथ हिंदू ग्रंथों पर चर्चा की। ब्लॉकबस्टर बाहुबली त्रयी के लेखक आनंद नीलकंठन ने ‘ईश्वर’ के बारे में अपने विचार समझाए और बताया कि कैसे यह औपनिवेशिक युग के दौरान अंग्रेजों द्वारा विकसित ‘एक ईश्वर, एक हिंदू’ की अवधारणा से काफी अलग है।

नीलकंठन ने कहा कि हमारी सभी परंपराएं, यदि आप देखें, सभी बहसें हैं, गीता एक बहस है। गीता कृष्ण द्वारा थोपी गई बात नहीं है कि मैं जो चाहता हूं तुम उसका पालन करो अन्यथा तुम अनंत नरक में जलोगे। वह ऐसा कभी नहीं कहते। सत्र के अंत में, नीलकंठन ने अपनी नई रिलीज असुरः टेल ऑफ द वेंक्विश्ड का उल्लेख किया और बताया कि यह कैसे विभिन्न पौराणिक ग्रंथों में रावण की कथाओं को उजागर करता है।

### ‘बैन्ड, बर्न्ड एंड सेंसर्ड’ सत्र के दौरान ‘खतरनाक’ किताबों पर गंभीर चर्चा

**जयपुर।** सत्र ‘बैन्ड, बर्न्ड एंड सेंसर्ड’ में उन किताबों पर चर्चा हुई, जिन्हें प्रशासन और समाज ने खतरनाक मानकर प्रतिबंधित किया, जला दिया और सेंसर किया। सत्र की शुरुआत में वरिष्ठ लेखिका मृदुला गर्ग ने अपने उपन्यास ‘चित्तकोबरा’ पर बात की। ‘चित्तकोबरा’ का प्रकाशन 1979 में हुआ था और इस उपन्यास की वजह से लेखिका पर अश्लीलता का आरोप लगाकर, उन पर पुलिस केस किया गया। इस मृदुला ने कहा कि अपने पति को कमोडिटी के रूप में इस्तेमाल करना उस नायिका का गुनाह था। नवदीप सूरी ने अपने दादा नानक सिंह की कविता ‘खूनी बैसाख’ के सन्दर्भ में कहा कि वो लम्बी कविता जलियांवाला हत्याकांड की त्रासदी पर लिखी गई थी और तत्कालीन सरकार ने 1919 में उसकी सारी प्रतियां जला दी थीं। मैं उनकी मौलिक कृति 2019 में ब्रिटिश म्यूजियम में देख पाया।

### एक महिला कभी किसी दूसरे की कीमत पर आजादी नहीं पाती

बेधड़क | जयपुर

‘पारो@40’ में लेखिका नमिता गोखले के उपन्यास ‘पारो’ और उनके लेखन पर दिलचस्प चर्चा हुई। सन 1984 में जब उन्होंने पारो लिखा था तो इसकी बहुत आलोचना हुई थी। उन्होंने कहा मैं अपने समय से बहुत आगे थी। यह एक फनी बुक है, लेकिन ये फन सेक्स को लेकर था और शायद यही बात लोगों को बुरी लगी। उन्होंने आगे कहा कि पारो होने के लिए एक खास किस्म के साहस की जरूरत होती है। इतिहासकार और पॉडकास्टर एरिक चोपड़ा ने कहा, यह इस समय की किताब है और हाल ही में ‘एनिमल’ फिल्म देखकर मुझे एहसास हुआ कि एक पुरुष को आजादी महिला की कीमत पर मिलती है, लेकिन एक महिला, एक पारो कभी किसी दूसरे की कीमत पर अपनी आजादी हासिल नहीं करती।

### ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल भी ठीक नहीं

# दिनभर मोबाइल के इस्तेमाल से हो सकता है कैंसर: डॉ. परीक्षित सिंह

बेधड़क | जयपुर

डॉक्टर परीक्षित सिंह ने कहा कि मोबाइल हमारे लिए बीमारी का कारण बन रहे हैं। 5G के बाद अब 6G आने की तैयारी चल रही है। लोग दिनभर मोबाइल का इस्तेमाल करने के बाद रात को भी मोबाइल अपने पास रखकर सोते हैं। जो काफी घातक है। वे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आयोजित सत्र में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग चेस्ट पर, कुछ लड़कियां इनर वेयर में रखकर सो जाती हैं। कुछ बच्चे लैपटॉप को अपनी गोदी में रखते हैं। यह पूरी तरह गलत और घातक है। यह ठीक वैसा ही है, जैसे हम अपना सर माइक्रोवेव में रख कर सो रहे हैं।




इससे कैंसर समेत कई घातक बीमारियों के होने का खतरा रहता है। इसके साथ ही ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल भी ठीक नहीं है। इससे लड़कियों को जल्दी पीरियड और ट्यूमर की समस्या हो सकती है।

### इयान फ्लेमिंग: द कम्प्लीट मैन’ पर भी हुई चर्चा

सत्र ‘द नेम इज़ फ्लेमिंग’ में पुरस्कृत जीवनीकार निकोलस शेक्सपियर ने प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक मैथ्यू पार्कर के साथ अपनी किताब ‘इयान फ्लेमिंग: द कम्प्लीट मैन’ पर चर्चा की। शेक्सपियर ने इयान फ्लेमिंग के जीवन के बारे में अंतरंग विवरण साझा किए, उनके बचपन से लेकर जब उन्होंने आठ साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया था और अंततः राष्ट्र संघ में जिनेवा, ऑस्ट्रिया में नौकरी प्राप्त की। फ्लेमिंग के बारे में बात करते हुए, शेक्सपियर ने कहा कि वह (फ्लेमिंग) विशेषाधिकार का पुत्र था, लेकिन गरीबी का पोता था। दर्शकों को रहस्य बताते हुए शेक्सपियर ने कहा कि फ्लेमिंग की नेवल इंटेलीजेंस तक पहुंच थी, जिसने उन्हें जेम्स बॉन्ड के लिए प्रेरित किया।

### नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने पर करें फोकस

सत्र ‘द पेल ब्लू डॉट: चेरिशिंग अवर प्लैनेट’ में मिंत्रा और क्योरफिट के संस्थापक मुकेश बंसल, जी20 शेरपा अमिताभ कांत और एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा से एनडीटीवी समूह के कार्यकारी संपादक विष्णु सोम ने संवाद किया। अंतरिक्ष अन्वेषण के बढ़ते उद्योग और इसमें भारत के स्थान के बारे में बोलते हुए, अमिताभ कांत ने कहा कि हमें अंतरिक्ष पर्यटन के लिए अंतरिक्ष व्यवसाय में नहीं होना चाहिए, बल्कि अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए। पैनल ने उस भूमिका पर प्रकाश डाला जो निजी क्षेत्र और सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत के युवाओं को अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुसंधान में निभानी चाहिए। मुकेश बंसल, जिन्होंने भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी, स्काईरूट को भी फंडेड किया है ने कहा कि बहुत से युवा उद्यमी सचमुच समझ रहे हैं कि आकाश की सीमा है।

### फिलिस्तीनियों की दुर्दशा पर चिंता जताई

‘द पेलिस्टिन लेबोरेटरी’ सत्र में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मौजूदा संघर्ष पर चर्चा हुई। द हिंदू की राजनयिक संपादक, सुहासिनी हैदर ने कहा कि मृत्यु दर पहले से ही 25,000 को पार कर रही है और जिस समय हम बात कर रहे हैं उस समय यह 30,000 के करीब है। एक पत्रकार के रूप में आप बहुत कुछ देखने के आदी हैं, लेकिन (क्या) संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दैनिक बमबारी के कारण एक क्षेत्र को बच्चों के लिए कब्रिस्तान के रूप में बताया है। यहूदी पत्रकार एंटनी लोवेनस्टीन ने फिलिस्तीनियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और उनका मानना था कि एक लोकतांत्रिक राज्य एक समाधान था। लेखक चार्ल्स ग्लास ने गाजा में चल रहे इजरायली हमलों के कारण फिलिस्तीनियों की दुर्दशा, आवश्यक वस्तुओं की कमी पर अपनी चिंता व्यक्त की। लेखक और स्तंभकार, केय बर्ड का मानना था कि 7 अक्टूबर ने सुरक्षा के प्रति मूलभूत यहूदी संवेदनशीलता और चल रहे संघर्ष पर अमेरिका के प्रभाव को बदल दिया है।

## जरूरी खबर

### पाटोत्सव में बही भजनों की गंगा, झूमते रहे श्रद्धालु



**अजमेर।** न्यू गोविंद नगर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी बेला शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया।कालाकारों ने भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। इन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे। इस मौके पर विष्णु प्रसाद वैष्णव, बद्री प्रसाद जांगिड़, दीपेश शर्मा, सूरज देवी सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

### चौपहिया वाहनों का प्रवेश किया बंद डलेगी सीवर लाइन

**सीकर।** जिले में 5 फरवरी से आगामी एक महीने तक बजरंग कांटा से डिपो तिराहा तक चौपहिया वाहन नहीं चलेंगे। यहां सीवरेज का काम होना है। नगर परिषद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। नगर परिषद सीकर के एक्सईएन रविंद्र जैन के अनुसार अमृत फेज 2 के तहत शहर में सीवरेज का काम किया जाना है। 5 फरवरी से यह काम सुलभ परिसर बजरंग कांटा से डिपो तिराहा तक चलेगा, जो करीब एक महीने में होगा। इस दौरान खुदाई का काम किया जाएगा। इस कारण केवल दोपहिया वाहन ही गुजर सकेंगे। फोरव्हीलर चालकों को अन्य वैकल्पिक रास्तों से जाना होगा।

### वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति से बांधा समां



**सीकर।** ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, सीकर में दीक्षांत समारोह व पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में संस्थान की कई छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। विद्यालय एवं महाविद्यालय के संयुक्त वार्षिकोत्सव में शैक्षणिक क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली, जिला राज्य स्तर पर बॉलीवाल, रेसलर, कबड्डी, बास्केटबॉल, ताईक्वांडों, कराटे सहित विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार और राशि के चेक भेंटकर सम्मानित किया गया।

---

**रूपबास कस्बे की धर्मशाला में आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक में की रणनीति तय**

# जाटों के बाद अब कुशवाहा समाज भी उतरेगा सड़कों पर

**बेधड़क** | भरतपुर




केंद्र सरकार की नौकरियों में भरतपुर और धौलपुर के जाट समाज को आरक्षण देने की मांग को लेकर जाट समाज पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहा है। इसके तहत समाज का महापड़ाव चल रहा है।

वहीं दूसरी ओर अब आरक्षण की आग तेज होती दिख रही है। जाट समाज के बाद अब कुशवाहा समाज भी 12 प्रतिशत आरक्षण और अन्य 12 सूत्री मांगों के साथ हुंकार भरने की तैयारी कर रहा है। कुशवाहा प्रदेश आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की भरतपुर के रूपबास कस्बे की कुशवाहा धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। इसमें आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई। कुशवाहा समाज एवं प्रदेश आरक्षण समिति के सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आंदोलन से पहले रविवार से गांव-गांव में छोटी-छोटी सभाओं का आयोजन कर लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए गांव चहल बयाना, नगला छतरी, सैदपुरा, गांधी सर्किल बसेड़ी, बड़ा गांव सरमथरा, नारनपुर धौलपुर, मासलपुर जिला करौली और कुशवाह धर्मशाला में सभाएं कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

#### कांग्रेस सरकार में भी किया था आंदोलन

गौरतलब है कि माली, कुशवाहा, मौर्य, सैनी समाज कांग्रेस सरकार के समय भी सड़कों पर उतरा था। कई दिन तक जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर आंदोलन किया था। जयपुर प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में आश्वासन मिलने के बाद ही आंदोलन खत्म किया गया था। अब कुशवाहा समाज के लिए लोग फिर से आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस सरकार में आश्वासन मिलने के बावजूद समाज को अपना हक नहीं मिल सका। इसके लिए एक बार फिर से आवाज बुलंद की जाएगी। इस बार किसी भी सूरत में आरक्षण लेकर ही रहेंगे।

#### बैठक में मौजूद थे ये लोग

आरक्षण को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए कुशवाह समाज की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक वासुदेव कुशवाहा, तोता राम कुशवाहा जिला महामंत्री, प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा राम प्रसाद कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता हेमलता कुशवाहा, रतन सिंह कुशवाहा जिला सचिव लव कुश सेना धौलपुर, जवाहर सिंह कुशवाहा जिला परिषद सदस्य, दाताराम कुशवाहा, जिला अध्यक्ष लव कुश कुशवाहा विकास समिति भरतपुर वीर बहादुर सिंह कुशवाहा, साहब सिंह कुशवाहा सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### इधर जाटों की मांग पर अभी सहमति नहीं

राजस्थान के भरतपुर और धौलपुर का जाट समाज आरक्षण की मांग को लेकर पिछले 19 दिन से महापड़ाव डाले हुए हैं। राजस्थान सरकार से अब तक जाट समाज की सहमति नहीं बन पाई है। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह का कहना है कि अभी मांग करने का सही समय है। बाद में किसान फसल काटने में बिजी हो जाएंगे और फिर लोकसभा चुनाव भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांगे नहीं मांगी तो आंदोलन तेज होगा, जिसमें रेल भी रोकेंगे और सड़क पर भी जाम लगाएंगे। इस बार समाज पीछ नहीं हटेगा, किसी भी सूरत में आरक्षण लेकर रहेंगे।

---

**सांसद खेल महाकुंभ के शुभारंभ पर पीएम ने दिया वर्चुअल संबोधन**

# खेल में हार नहीं होती... प्रत्येक खिलाड़ी सीखता है सबक: मोदी

**बेधड़क** | पाली



सांसद खेल महाकुंभ का शनिवार को पाली शहर के बांगड़ स्टेडियम में शनिवार को शुभारंभ हुआ। इसमें 10 हजार से अधिक खिलाड़ी मैदान में उतरे। सांसद पीपी चौधरी व जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित खेल महाकुंभ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेलों में कभी हार नहीं होती। प्रत्येक खिलाड़ी इससे कुछ न कुछ सीखता जरूर है।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह नजर आ रहा है, वह अभूतपूर्व है। खिलाड़ियों की राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की भावना को इस आयोजन से बल मिला है। खेल महाकुंभ नए खिलाड़ियों को तलाशने एवं तराशने का माध्यम बन रहा है। सांसद आने वाले समय में बेटियों के लिए भी विशेष खेल महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे हैं। पाली में 1100 से ज्यादा स्कूलों के बच्चों ने तथा 2 लाख से ज्यादा खिलाड़ियों ने इस खेल महाकुंभ में भाग लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान की वीर भूमि के युवाओं ने हमेशा ही सेना से लेकर खेलों तक देश की शान बढ़ाई है। खेलों की अच्छी बात यह है कि ये न सिर्फ आपकी जीत की आदत विकसित करते हैं, बल्कि लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। खेल हमें सिखाता है कि सर्वश्रेष्ठ की कोई सीमा नहीं होती, पूरी शक्ति से प्रयास करते रहना चाहिए। खेलों से इच्छा शक्ति भी मजबूत होती है।

#### खेल संस्कृति को बढ़ाएगी सरकार: सीएम

सांसद खेल महाकुंभ के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी वर्चुअली संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को खेल कौशल दिखाने का अवसर मिला है। खेलो इंडिया योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को भी आगे आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। इससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं पहुंचने का रास्ता मिल सकेगा।

#### खेल से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा

इस अवसर कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि बच्चे जब खेलते हैं तो जीवन का सबक चंद घंटो में सीख जाते हैं। खेलों से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का सबक मिलता है। हमें हमारे गुरुजन बताते कि जीवन में कैसे आगे बढ़ना है। देश में कोई पदक जीतता है तो पूरा देश पदक जीतता है। खेल में सिर्फ जीतना मायने नहीं रखता अनुशासन से खेल की पूर्णता होती है। पीएम मोदी ने सभी को फिट इंडिया का मंत्र दिया है। इस अवसर पर राठौड़ ने बांगड़ स्टेडियम में स्केटिंग के लिए 200 मीटर रिंग बनाने की घोषणा भी की तथा स्टेडियम में मौजूद छात्र-छात्राओं को 'विकसित भारत संकल्प' शपथ भी दिलाई। पाली सांसद पीपी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद खेल महाकुंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन का हिस्सा है।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, जिला प्रमुख रश्मि सिंह, नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, डीआईजी ओम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग जबर सिंह, जिला परिषद सीईओ दीप्ति शर्मा, नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी एवं शारीरिक शिक्षक भी मौजूद रहे।

---

**बीकानेर के कपिल सरोवर की घटना**

# बेटे को तालाब में फेंकने के बाद पिता ने भी लगाई छलांग, दोनों की मौत



**बेधड़क** | बीकानेर

जिले में पिता-पुत्र की मौत का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पिता ने पहले मासूम बेटे को तालाब में फेंक दिया और फिर खुद ने भी पानी में छलांग लगा दी। इसके चलते डूबने से दोनों की मौत हो गई। मासूम का शव शनिवार सुबह तालाब में मिला, जबकि पिता का शव शुक्रवार शाम को निकाल लिया गया था।

घटना बीकानेर शहर से 50 किमी दूर कोलायत में कपिल सरोवर की है। कोलायत थाना प्रभारी बलवंत कुमार ने बताया कि मोहता चौक निवासी जितेंद्र कुमार ओझा (48) अपने बेटे जयंत (10) को स्कूल से लेने गया था। जितेंद्र अपने बेटे जयंत को घर न ले जाकर 50 किलोमीटर दूर कोलायत ले गया। इसके बाद जितेंद्र ने बेटे जयंत को तालाब में धक्का दे दिया। बेटा अपनी जान बचाने के लिए हाथ-पैर मारता रहा। इसके बाद जयंत पानी से बाहर आने लगा तो पिता खुद तालाब में उतरा और गहरे पानी की तरफ खींचकर ले गया। बेटे को मारने की कोशिश में पिता की भी डूबने से मौत हो गई। यह पूरी घटना तालाब के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तालाब के पास स्कूल बैग देखकर लोगों ने कोलायत पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने बैग देखकर स्कूल संचालक को फोन किया। इसके बाद पहचान कर परिजनों को जानकारी दी और दोनों डूबे हुए व्यक्तियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इनमें नजर आ रहा है कि सेल्फी पॉइंट के पास जितेंद्र ओझा अपने बेटे जयंत के साथ खड़ा था। दोनों आपस में बात कर रहे थे। कुछ देर बाद बेटे को तालाब के किनारे पर लेकर पहुंचा और धक्का दे दिया। बच्चे ने अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष किया और बाहर निकलने की कोशिश की। ऐसे में वह खुद भी कूद गया और उसे वापस गहरे पानी में खींच ले गया। डूबने से दोनों की मौत हो गई।

---

**रेलगाड़ी को मालाओं से सजाया, गूंजा जयश्रीराम का नारा**

# पहली आस्था ट्रेन आयोध्या रवाना

**बेधड़क** | उदयपुर



अयोध्या के लिए शनिवार को जैसे ही जिले की पहली आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई तो समूचा सिटी रेलवे स्टेशन जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। आयोध्या जा रहे यात्री और उनको विदा करने पहुंचे परिजनों में अपार खुशी का माहौल दिख रहा था।

जैसे ही ट्रेन रवाना हुई तो हर कोच में भी भगवान राम की गूंज थी। सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्पेशल ट्रेन लगी थी, जिसे पूरी तरह से सजाया गया था। परिवार ने अपने लोगों को जयश्रीराम के नारों के साथ विदा किया। यात्रा के लिए अयोध्या जा रहे ट्रेन यात्रियों ने कहा कि कार सेवा के लिए ट्रेन में गए, तब की तस्वीर उनके सामने आ रही है। आज भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया और भगवान राम के दर्शन करने का मौका पहली ट्रेन में हमें मिला है। हम भाग्यशाली हैं। दोपहर 1.30 बजे इस स्पेशल ट्रेन को वागड़ मेवाड़ के बेणेश्वर पीठ के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज, अजमेर मंडल के डीआरएम राजीव धनखड़, विधायक ताराचंद जैन, विधायक फूल सिंह मीणा आदि ने ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ट्रेन रविवार को अयोध्या पहुंचेगी।


---

**जयपुर से छुट्टी लेकर अजमेर आई थी बेटी**

# थार ने बाइक को रौंदा, पिता-पुत्री की मौत

**बेधड़क** | अजमेर





जिले में शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई। जयपुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली बेटी छुट्टी लेकर अजमेर पहुंची थी। पिता उसे लेने एमडीएस चौराहे पर गए थे।

वहां से घर लौटते समय एक थार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने के बाद थार गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया। यह हादसा अजमेर के पुष्कर बाईपास पर रात करीब 10 बजे हुआ। गेगल थाने के एसआई छीतरमल ने बताया कि नंदनम अपार्टमेंट निवासी नरेंद्र मिश्रा (59) शुक्रवार रात को अपनी बेटी भावना मिश्रा (22) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। अरावली विहार के पास थार के ड्राइवर ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक के परखचे उड़ गए और नरेंद्र मिश्रा बाइक से उछलकर थार के बोनट पर जा गिरे। थार भी कुछ दूर जाकर सड़क किनारे पलट गई। इसके बाद चालक और थार में सवार लोग वाहन से निकलकर फरार हो गए।

मृतक के बेटे गर्वित मिश्रा ने बताया कि उनके पिता नरेंद्र मिश्रा टेलर थे। वहीं उसकी बहन भावना जयपुर के एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी। शुक्रवार रात भावना छुट्टी लेकर जयपुर से अजमेर पहुंची थी।

---

**पूर्व मंत्री मुरारीलाल ने बोला भाजपा पर हमला**

# दो महीने में कोई काम नहीं, अब बदल रहा जनता का मन

**बेधड़क** | अजमेर



लोकसभा चुनाव को लेकर अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच शनिवार को फीडबैक लेने पहुंचे पूर्व मंत्री मुरारीलाल मीणा ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से अब सिर्फ कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के अलावा कुछ नहीं कर पाई है। इस लिए अब जनता का भी मन बदल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदल दिए हैं या फिर उन्हें रोक दिया है। इससे जनता को पूर्व में मिल रही सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ऐसे में अब जनता का मन भी बदल रहा है। जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी। मीणा ने कहा कि कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की ओर से उन्हें अजमेर लोकसभा सीट प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई है। वह फीडबैक लेने और प्रत्याशियों की जानकारी के लिए अजमेर पहुंचे हैं। सबकी सलाह लेने के बाद अच्छा प्रत्याशी मैदान में उतरा जाएगा। आने वाले समय में कांग्रेस के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक जो फैसले किए हैं उससे जनता समझ चुकी है।

#### भाजपा करती है इमोशनल ब्लैकमेल

मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री मुरारी लाल ने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करती है। धर्म की आड़ लेकर लोगों को इमोशनल ब्लैकमेल करने का काम करती है। वहीं कांग्रेस विकास को सर्वोपरी मानती है। इस बार भी कांग्रेस विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। बाहरी प्रत्याशी उतारने के सवाल पर मुरारी लाल ने कहा कि सचिन पायलट जैसा कोई नेता आता है तो कोई दिक्कत नहीं है, वरना लोकल प्रत्याशी को ही लोकसभा चुनाव में उतारा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को इमोशनल करती है। ऐसी स्थिति में कार्यकर्ता एकजुट होकर मेहनत करेगा तभी चुनाव में जीत हासिल हो सकेगी।

#### भाजपा के खिलाफ बन रहा माहौल

पूर्व मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद पिछले दो महीने में भाजपा के खिलाफ ही वातावरण बन रहा है। इस बार कांग्रेस लोकसभा चुनाव जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी झूठ का बुलंद है। उनकी झूठ के आधार पर राजनीति चल रही है। टिकट वितरण को लेकर मीणा ने कहा कि जो सबको साथ लेकर चलेगा उसे ही टिकट दिया जाएगा।

---

# नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद को किया निलंबित

**बेधड़क** | बारां

जिले के अंता में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। नगर पालिका चुनाव में संतान संबंधित जानकारी छुपाने के मामले में स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी कर नगर पालिका चैयरमेन मुस्तफा खान व पार्षद जमील मोहम्मद को निलंबित कर दिया।

बता दें कि नगर पालिका चुनाव में मुस्तफा खान द्वारा चौथी संतान की जन्मतिथि की गलत जानकारी देकर चुनाव लड़ने व जमील मोहम्मद द्वारा पांचवी संतान की जन्मतिथि की गलत देने का मामला था। इसको लेकर भाजपा नगर में अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने शिकायत दी थी। साथ ही कुछ दिनों पूर्व अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने भी डीएलबी में मामले को लेकर शिकायत दी थी। इसी मामले को लेकर स्वायत्त शासन विभाग ने पद पर रहकर न्यायिक जांच को प्रभावित करने की संभावना देखते हुए दोनों के निलंबन के आदेश जारी कर दिए हैं। इस मामले को लेकर विधायक कंवरलाल मीणा ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में मुस्तफा खान ने चौथी संतान की गलत जानकारी देकर चुनाव लड़ा था। साथ ही जमीन मोहम्मद ने भी अपनी पांचवीं संतान की गलत जानकारी छुपा कर चुनाव लड़ा था, जो अपराध इन्होंने किया था उसकी सजा आज इनको मिल गई है। दोनों को निलंबित कर दिया गया है, अब नगर पालिका में बीजेपी का बहुमत है और बीजेपी जल्द निर्णय लेकर सर्व सहमति से नगर पालिका चैयरमेन का चुनाव करेगी।

## 'सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान' का तीसरा चरण: 45.55 लाख बच्चों को दी ट्रेनिंग

# बैड टच से निपटने को स्कूली बच्चों ने समझा 'नो-गो-टैल' का मंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों में 'असुरक्षित स्पर्श' के प्रति जागरूकता से समाज में चाइल्ड अब्यूज की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए 'सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान' अभियान का तीसरा और अंतिम चरण शनिवार को आयोजित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि तीसरे चरण में राज्य के 65 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में एक साथ आयोजित इस गतिविधि में 45 लाख 55 हजार 358 विद्यार्थियों के लिए एक लाख 3 हजार 920 रिपीटिशन सत्र आयोजित किए गए। स्कूलों में इस अभियान के लिए मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों को 'बैड टच' का मुकाबला करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के लिए 'नो-गो-टेल' की थ्योरी की जानकारी दी। इसमें 326244 शिक्षकों व 457265 अभिभावकों और अन्य व्यक्तियों ने भी भागीदारी निभाई। गौरतलब है कि अभियान का पहला चरण गत अगस्त माह में आयोजित किया गया था। दूसरा चरण और प्रथम रिपीटिशन अक्टूबर-2023 में आयोजित हुआ था। जैन ने बताया कि विशेषज्ञों के मुताबिक गुड टच और बैड टच के बारे में बच्चों को प्रथम बार प्रशिक्षण देने के बाद कुछ अंतराल के बाद उसके दो और रिपीटिशन किए जाते हैं, तो वे इसमें दक्ष हो जाते हैं।





### सिक्स्थ सेंस बताता है टच की इंटेंशन

जैन ने बताया कि टच किस इमोशन के साथ किया जा रहा है, इसकी पहचान 'सिक्स्थ सेंस' का इस्तेमाल करते हुए की जा सकती है। गुड टच और बैड टच में भेद करने की क्षमता भगवान ने सभी को प्रदान की है। 'गुड टच' से बच्चों में सेफ्टी और कम्फर्ट तथा 'बैड टच' से इनसिक्योरिटी एवं डिस्कम्फर्ट की फीलिंग आती है। प्रदेश की स्कूलों में इन तीन चरणों में बच्चों को बैड टच की स्थिति में चिल्लाते हुए 'नो' बोलकर उस स्थान या व्यक्ति से सावधानी के साथ दूर भागने (गो) और इसके बारे में बिना किसी डर या घबराहट के किसी बड़े या जिस पर उनको सबसे ज्यादा भरोसा हो, को इसके बारे में बताने (टैल) की 'नो-गो-टैल' की थ्योरी की बारीकियां सिखाई गई।

## Yuva स्टोरीज




### फैकल्टी मेंबर्स ने जानी अस्पताल की कार्यप्रणाली

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन मे चल रहे वन वीक एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) स्पॉन्सर्ड फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में फैकल्टी मेंबर्स को महात्मा गांधी हॉस्पिटल का भ्रमण करवाया गया। मेंबर्स को अस्पताल में विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी दी गई। उनको जानकारी दी गई कि किस तरह से मरीजों का डाटा लेकर उस पर एआई टैक्नोलॉजी का उपयोग किया जा सकता है। उसके बाद सभी फैकल्टी मेंबर्स को सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (STPI) का भ्रमण करवाया गया। पहले एसटीपीआई के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद डाटा सेंटर का भ्रमण करवाया गया व बताया गया कि कैसे वहां इंटरनेट की सेवा प्रदान की जाती है।



### डॉ. प्रदीप यादव को 'रिकॉर्ड ब्रेकिंग पुरस्कार'

**जयपुर।** युवाओं की नशामुक्ति के लिए काम कर रहे एथलीट डॉ. डॉ. प्रदीप यादव को तिजारिया जयपुर रनर्स की ओर से 'रिकॉर्ड ब्रेकिंग अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। डॉ. यादव ने 21 दिनों के दौरान 21 हाफ मैराथन दौड़ते हुए नशामुक्त जीवन व हानिकारक पदार्थों के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया, जिसके लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। उनका नैतिक प्रयास नशे के खिलाफ लड़ाई के एक उदाहरण के रूप में उभरता है, सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को बढ़ावा देता है।



### वार्षिकोत्सव में छलकी देशभक्ति

**जयपुर।** केशव विद्यापीठ समिति जामडोली द्वारा संचालित ब्रह्मचारी श्रीरामानुजाचार्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव शनिवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी ओ.पी.बैरवा, विशिष्ट अतिथि अजीत मांडन, केशव विद्यापीठ सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, अतिरिक्त सचिव अशोक गुप्ता एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष आशा गोलछा, उपाध्यक्ष सुनीता मीणा, सचिव डॉ. सरस्वती मित्तल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बैरवा ने बालिका शिक्षा को आज के युग की महती आवश्यकता बताया। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीतों व नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### सेंट जेवियर्स और महाराजा कॉलेज जीते, आज होंगे दो मैच

**जयपुर।** 29वें सत्येन्द्रपाल सिंह मेमोरियल महाराजा कप के दूसरे दिन लॉ कॉलेज और सेंट जेवियर्स के बीच मुकाबला हुआ। इसमें सेंट जेवियर्स कॉलेज ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में सेंट जेवियर्स कॉलेज से जितेंद्र राठौड़ मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं दूसरी पारी में जेएनयू और महाराजा कॉलेज मैदान में उतरी जिसमें महाराजा कॉलेज ने 19 रन से जीत दर्ज की। महाराजा कॉलेज से प्रांजल मैन ऑफ द मैच रहे। छात्र नेता अंकित कुमार ने बताया कि रविवार को पहली पारी में जेईआरसी और पारीक कॉलेज के बीच मैच होगा। दूसरी पारी में एसपीएस इलेवन और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बीच मैच खेला जाएगा।

## MNIT एनुअल फेस्ट: छात्रों ने जमाया रंग

# बैटल ऑफ बैंड्स में हुआ टैलेंट का धमाल

**बेधड़क** | जयपुर

एमएनआईटी का कैंपस शनिवार को भी यहां के स्टूडेंट्स के साथ ही अलग अलग कॉलेजों से आए स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी और टैलेंट से आबाद रहा। कैंपस में चल रहे एमएनआईटी के एनुअल फेस्ट 'ब्लिट्जस्लैग' का दूसरा दिन जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम सुबह से ही विभिन्न क्लब गतिविधियों के साथ शुरू हो गए। प्रमुख कार्यक्रम बैटल ऑफ बैंड्स और रैम्बा सांबा थे, जिससे शाम को प्रोनाइट के साथ दिन का शानदार अंत हुआ। क्विज क्लब ने फटा पोस्टर निकला हीरो का आयोजन किया, ड्रामा क्लब ने अपने कार्यक्रम सोलो स्पॉटलाइट में फिल्मों के एक अंश का प्रदर्शन करके अनदेखे अभिनेताओं को अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। द मेवरिक्स ने एक बार फिर अपने कार्यक्रम फैमिली फ्यूड, स्टीव हार्वे के लोकप्रिय टीवी शो की नकल करते हुए ध्यान आकर्षित किया। रचनात्मक कला क्लब ने ग्लास आर्ट ओडिसी आयोजित की। रुम्बा कॉल डांस क्लब के तहत एक युगल नृत्य प्रतियोगिता थी, डिबेट क्लब ने एम यू एन का आयोजन किया। उद्यमिता और विकास सेल ने पहल की आईपीएल नीलामी नामक एक बहुत ही अनोखे कार्यक्रम की। सभी संगीत प्रेमियों के लिए संगीत क्लब ने एक संगीत कार्यशाला आयोजित की, शास्त्रीय संगीत और नृत्य क्लब ने खिलाड़ियों को सरगम नामक एक स्टैंड अलोन वाद्य-वादन प्रतियोगिता में दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।









### एंटरटेनमेंट के साथ लर्निंग्स का तड़का

चुनावी साक्षरता क्लब ने ब्लिट्जस्लैग टॉगल का आयोजन किया जो सभी बुद्धिमान छात्रों के लिए चारेड सिटी में यात्रा और विरासत क्लब द्वारा व्यवस्थित सुरागों की मदद से उत्तर का अनुमान लगाने का कार्यक्रम था। थिंक इंडिया द्वारा आयोजित ह्यूमन लूडो एक आकर्षक सामाजिक गतिविधि बन गया। इंग्लिश प्रेस क्लब का सीक द ट्रुथ एक टीम गेम था जहां खिलाड़ियों को तथ्यों की जांच करनी थी ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सच है और क्या गलत है। फिल्म निर्माण क्लब ने शो ए रील, पिक सागा और भावना का आयोजन किया, जो फोटोग्राफी क्लब के तहत ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं थीं।

### म्यूजिक बीट्स पर थिरके स्टूडेंट्स

प्रमुख आकर्षण में बैटल ऑफ बैंड्स और रैम्बा सांबा थे, जिसमें लुभावनी संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। विभिन्न महाविद्यालयों की टीमें भी इस दौरान अपना टैलेंट दिखाने के लिए मौजूद थीं। दिन का रोमांचकारी अंत मधुर इंडी बैंड समूह युग्म के अद्भुत प्रदर्शन और ट्रैपर एक्स के आकर्षक ईडीएम के साथ हुआ। उनकी संगीतमय परफोर्मेंसेज का दर्शकों के रूप में मौजूद स्टूडेंट्स के हुजूम ने जोश और उल्लास के साथ भरपूर आनंद लिया। म्यूजिशियन्स ने अपने सबसे मनमोहक गाने बजाए और एक शानदार माहौल बना दिया।



## स्टूडेंट्स ने दिखाईं लाजवाब डिजाइनिंग स्किल्स

**बेधड़क** | जयपुर

एलन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 'एलन डिजाइन फेस्टिवल-2024' में स्टूडेंट्स के फैशन सेंस के लाजवाब रंग देखने को मिले। यह डिजाइन फेस्टिवल हर साल फैशन एंड इंटीरियर डिजाइन के स्टूडेंट्स के द्वारा आयोजित किया जाता है। इस आयोजन के माध्यम से डिजाइन के स्टूडेंट्स अपने डिजाइन किये हुए प्रोडक्ट्स का डिस्प्ले करते हैं। इस प्रदर्शनी में फैशन डिजाइन के स्टूडेंट्स ने अपनी डिजाइन की जर्नी को चित्रों, मूड बोर्ड, कलर बोर्ड व डिजाइनर गारमेंट्स के द्वारा दिखाया।

खास बात यह रही कि फैशन स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक के माध्यम से अप -साइकिल फैशन को शोकेस किया। इसमें उन्होंने डोनेट किए डेनिम को हैंडपेंटेड आर्ट के द्वारा रि डिजाइन कर रैंप पर शोकेस किया। इंटीरियर डिजाइन के स्टूडेंट्स ने भी अप-साइकिलिंग को प्रदर्शित किया। इंटीरियर के स्टूडेंट्स ने वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग करते हुए टेबल, कुर्सी, टेबल लैंप, कैंडल स्टैंड, फ्रेम, वालहैंगिंग आदि प्रोडक्ट बनाए।

शाम को लैंप लाइटिंग सेरेमनी समाज सेवी पवन गोयल की उपस्थिति में हुई। साथ ही लाइव बैंड की परफॉर्मेंस ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। डायरेक्टर राम यादव ने बताया कि इस फेस्टिवल में कई डिजाइनर हस्तियां भी शामिल हो रही हैं। साथ ही ओपन माइक, टॉक शो, लाइव म्यूजिक बैंड व फैशन शो का भी भव्य आयोजन होता है।

## एक सत्याग्रह है कविता

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग की ओर से आयोजित प्रो. एजी स्टॉक मेमोरियल लेक्चर में 'पोयम्स मैटर बिकॉज दे हैव होल्स' विषय पर पर मुख्य वक्ता साहित्य अकादमी पुरुस्कार विजेता अरुंधति सुब्रमण्यम ने अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि कविता एक तरह का सत्याग्रह है जिसे उसकी संपूर्णता में समझना आवश्यक है। कविता शब्दों का संगीत और नृत्य है जो पाठक के मानस पटल पर जादुई प्रभाव छोड़ता है। उन्होंने बताया कि अपनी जीवन यात्रा में लगभग प्रत्येक व्यक्ति कभी न कभी किसी से प्रेरित होता है और ये प्रेरणा ही कविता का सृजन करती है। उन्होंने एक कवि से अन्वेषक तक की अपनी यात्रा को पाठकों व शिक्षाविदों से साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रो. सुधि राजीव ने की। संचालन डॉ. प्रीति चौधरी ने किया। डॉ. संजू चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। लेक्चर में प्रो. जसबीर जैन, प्रो. सुधा राय, प्रो. राजुल भार्गव, प्रो. जोया चक्रवर्ती, प्रो. मिनी नंदा, प्रो. ए.के. तिवारी आदि शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## मंथन | पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

# क्लासरूम में अहम भूमिका निभा सकता है थिएटर

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी और ईएलटीएआई, जयपुर चैप्टर की ओर से 'मैथड्स, एस्थेटिक्स, जर्न्स इन लेंग्वेज, लिटरेचर एंड कम्यूनिकेशन' विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के विशेषज्ञ, लेखक व रिसर्चर्स शामिल हुए। दो दिनों में 60 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए।

कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी की पूर्व डीन प्रो. सुधा राय थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के जेडएचसी की प्रो. अनुराधा मारवाह ने मुख्य भाषण दिया। ईएलटीएआई के नेशनल प्रेसिडेंट प्रो. संजय अरोड़ा प्लेनरी स्पीकर थे। इनके अलावा सऊदी अरब के डॉ. वहाज मुनीसा और यूएसए की प्रो. नंदिनी देव ने वर्चुअल प्रजेंटेशन दिया। मेजबान पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी ने अतिथियों का स्वागत किया। ईएलटीएआई, जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. शैला महान ने ईएलटीएआई जर्नल्स, प्रोजेक्ट्स व वर्कशॉप्स के बारे में बताया। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की डॉ. स्वाति गोखरू, डॉ. रितु राज चौधरी और डॉ. प्रीति कौशिक ने कॉन्फ्रेंस के कार्यक्रमों की जानकारी दी।



### भाषा, साहित्य व संचार पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

मुख्य अतिथि डॉ. सुधा राय ने विश्व साहित्य को जोड़ने, आपसी जुड़ाव, टेक्नोलॉजी के उपयोग और प्रभावी भाषा के महत्व पर जोर दिया। अनुराधा मारवा ने क्लासरूम में थिएटर की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि नाटक और चित्रण किस प्रकार शैक्षिक अनुभव में अनूठे दृष्टिकोण ला सकते हैं। डॉ. वहाज मुनीसा और प्रोफेसर नंदिनी देव ने शैक्षिक प्रक्रियाओं और शिक्षा के क्षेत्र में नॉलेज के आदान—प्रदान के लिए इस तरह के मंच के महत्व को काफी महत्वपूर्ण बताया। डॉ. बंदना चक्रवर्ती की अध्यक्षता में हुए सेशन में डॉ. संजय अरोड़ा ने रिफ्लेक्टिव लर्निंग, एकेडमिक रिसर्च व पेटेंट के महत्व पर जोर दिया। इनके अलावा डॉ. उर्मिल तलवार, डॉ. आशा, डॉ. रंजीत कौर, डॉ. श्रुति, डॉ. प्रियंका और डॉ. मनोज कुमार जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एजुकेशन, लिटरेचर व टेक्नोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

*'सांगानेर को सांगो बाबो, जैपुर को हनुमान, आमेर की शिला देवी, ल्यायो राजा मान।' जयपुर की शान में कहे जाने वाले इस दोहे में शामिल माता शिला देवी का मंदिर आमेर के किले में है। यह मां अम्बा का स्वरूप है, इसलिए इसे अंबा भी कहते हैं और इसी कारण कस्बे का नाम आमेर पड़ा। कहते हैं कि शिला देवी को राजा मानसिंह बांग्लादेश के जसौर से लेकर आए थे। शिला माता की कृपा से ही राजा मानसिंह ने अपने दुश्मनों से कई युद्धों में विजय पाई।*

## आमेर की शिलादेवी 400 सालों से कर रही हैं भक्तों की मुरादें पूरी

# मां, जिनके आशीर्वाद से मानसिंह ने 80 से ज्यादा युद्धों में पाई विजय



*अपने ऐतिहासिक वास्तु, सुंदर इमारतों और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए जयपुर शहर दुनियांभर में प्रसिद्ध है। जयपुर से 10 किमी दूर आमेर के किले में स्थापित माता शिला देवी का मंदिर अपनी बेजोड़ स्थापत्य कला और के लिए प्रसिद्ध है। आमेर की शिला माता, काली मां का रूप हैं और कछवाहा राजवंश की कुलदेवी रही हैं। यहां वर्ष में दो बार चैत्र और आश्विन के नवरात्र में मेला लगता है। इस अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। और लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करते हैं। मां के आशीर्वाद से आमेर के राजा मानसिंह ने 80 से ज्यादा युद्धों में विजय पाई थी। 1580 ईस्वी में शिला देवी की प्रतिमा आमेर के राजा मान सिंह प्रथम लेकर आये थे। इसलिए इस सम्बंध में एक कहावत जयपुर में प्रचलित है-सांगानेर को सांगो बाबो, जैपुर को हनुमान, आमेर की शिला देवी, ल्यायो राजा मान। जयपुर के राजा मानसिंह अकबर के सेनापति थे और उनके आदेश पर युद्ध लड़ने जाया करते थे। एक बार जब वे बंगाल के गवर्नर नियुक्त किए गए तो जसोर (जो की वर्तमान में बांग्लादेश में है) के राजा केदार से लड़ाई लड़ने गए। लड़ाई में विजय हासिल करने बाद वे शिला देवी की प्रतिमा को साथ में लेकर आमेर आए और भव्य मंदिर में स्थापित करवा दिया। इस विषय में इतिहासकारों के अलग अलग मत है।*

### प्रवेशद्वार पर चांदी के पत्र में नवदुर्गा की आकृतियां

मंदिर के प्रवेशद्वार पर चांदी का पत्र मढ़ा हुआ है, जिसमें दस महाविद्याओं, नवदुर्गा की आकृतियां अंकित हैं। मंदिर का मुख्य द्वार चांदी का बना हुआ है और उस पर नवदुर्गा, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री की प्रतिमाएं उकेरी हुई हैं। दस महाविद्याओं के रूप में यहां काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, श्रीमातंगी और कमला देवी को दर्शाया गया है। द्चार के ऊपर लाल पत्थर की भगवान गणेश की मूर्ति प्रतिष्ठित है। मुख्यद्वार के सामने झरोखे हैं, जिसके अंदर चांदी का नगाड़ा रखा हुआ है। यह नगाड़ा प्रातः एवं सायंकाल आरती के समय बजाया जाता है। मन्दिर का फर्श अष्टकोणीय टाइल्सनुमा बना हुआ है, जिस से ज्ञात होता है कि यह तंत्र का भी गढ़ था। ऐसे कई तंत्रोक्त साधन भी मंदिर में दृश्य है। मंदिर में मीणाओं की कुलदेवी हिंगला की मूर्तियां भी स्थापित हैं। कछवाहा वंश से पहले यहां मीणाओं का राज हुआ करता था। मीणा राजा हिंगला माता की प्रतिमा को अफगानिस्तान से लाये थे। मंदिर की सेवा-पूजा बंगाली ब्राह्मण परिवार करता आ रहा है।



### पहला मत

राजा केदार ने लड़ाई में हार जाने पर भेंट स्वरुप माता की प्रतिमा मानसिंह को दे दी थी। साथ ही अपनी पुत्री का विवाह भी उनसे करवा दिया था। जसोर से प्रतिमा आने से इसे जसेशवरी भी कहा जाता है।

### दूसरा मत

जब राजा मानसिंह को लड़ाई में सफलता नहीं मिली तो पता चला कि राजा केदार के पास काली माता की प्रतिमा है और उनके आशीर्वाद से राजा को कोई भी पराजित नहीं कर सकता था। इस पर मानसिंह ने माता की पूजा की और उनसे अपने साथ चलने की विनती की। माता ने उन्हें स्वप्न में दर्शन दिए और विजयी होने का आशीर्वाद दिया। साथ ही माता ने राजा से अपने साथ ले चलने व अपनी राजधानी में मंदिर बनाने के लिए कहा। आमेर के राजा को माता के आशीर्वाद से लड़ाई में जीत मिली और वचन के मुताबिक वे माता की प्रतिमा को साथ ले आए ।

### तीसरा मत

राजा केदार को माता ने कहा था कि जब तक राजा स्वयं उन्हें जाने के लिए नहीं कहेगा, वे नहीं जाएगी। राजा मानसिंह की पूजा से प्रसन्न होकर माता केदार की पुत्री के वेश में बैठ गई। जब केदार ने अपनी पुत्री को देखा तो कहा कि जा बेटा, यहां से बाहर चली जा, क्योंकि मैं पूजा कर रहा हूं। इस प्रकार माता ने अपने जाने की बात स्वयं राजा केदार से कहलवा दी। जब केदार को इस बात का पता चला तो उसने माता की प्रतिमा को समुद्र में फिकवा दिया, जहां से राजा मानसिंह ने उन्हें निकाला और आमेर ले कर आ गए।



### प्रतिमा के उत्तराभिमुख होने का कारण

मान्यता यह भी है कि जयपुर के निर्माण के समय काफी समस्याएं आ रही थी। तब पंडितो ने सवाई जयसिंह को सलाह थी कि माता की प्रतिमा पूर्वमुखी होने के कारण उनकी तिरछी दृष्टि जयपुर पर पड़ रही है। इसीलिए इतने व्यवधान आ रहे हैं। इस पर राजा ने उनकी प्रतिमा को उत्तर दिशा की तरफ मुख करते हुए स्थापित करवाया और जयपुर का निर्माण हो सका।

### संगमरमर का बना हुआ है पूरा मंदिर

शिला माता के मंदिर का पुनर्निर्माण 1906 में मानसिंह द्वितीय ने करवाया था। पूरा मंदिर संगमरमर का बना हुआ है। मूर्ति के ऊपरी भाग में बाएं से दाएं तक भगवान गणेश, ब्रह्मा, शिव, विष्णु एवं कार्तिकेय की सुन्दर छोटे आकार की मूर्तियां बनी हैं। शिलादेवी की दाहिनी भुजाओं में खड्ग, चक्र, त्रिशूल, तीर तथा बाईं भुजाओं में ढाल, अभयमुद्रा, मुण्ड और धनुष उत्कीर्ण हैं। मूर्ति काले पत्थर की है और एक शिलाखण्ड पर बनी हुई है। शिला देवी की यह मूर्ति महिषासुर मर्दिनी के रूप में बनी हुई है। सदैव वस्त्रों और फूलों से ढंकी रहती है, केवल मुंह व हाथ ही दिखाई देते हैं।

### बलि देना बंद किया गया तो माता हो गई थीं रुष्ट

ऐसा माना जाता है कि माता ने राजा मानसिंह से वचन लिया था कि उन्हें प्रतिदिन एक नरबलि दी जाएगी। कुछ समय तक तो राजाओं ने वचन को निभाया, लेकिन बाद में नरबलि के स्थान पर पशुबलि दी जाने लगी। इस पर माता रुष्ट गईं और मुख उत्तर की ओर मोड़ लिया। आज भी माता का मुख उत्तर की ओर मुड़ा हुआ है। आखिरी बार पशुबलि 1972 में दी गई थी। इसके बाद जैन धर्मावलम्बियों के विरोध के बाद इसे बंद दिया गया।

### इसलिए नाम पड़ा आमेर

शिला देवी मूलतः अम्बा माता का ही रूप हैं एवं कहा जाता है कि आमेर या आंबेर का नाम इन्हीं अम्बा माता के नाम पर ही पड़ा था जो कालान्तर में आम्बेर से आमेर हो गया। माता की प्रतिमा एक शिला पर उत्कीर्ण होने के कारण इसे शिला देवी कहा जाता है। मुख्य मन्दिर में दर्शन के बाद बीच में भैरव मन्दिर बना हुआ है, जहां मां के दर्शन के बाद भक्त भैरव दर्शन करते हैं।

कविता

## एक टुकड़ा गांव



ब्रजेश कानूनगो
कवि

ऊंची इमारतों और
नंबरों की पहचान लिए दौड़ती सडकों के निकट
जमीन का छोटा-सा टुकड़ा है सामने
जैसे गोबर लीपी भींत पर मां का कोई मांडना
मिट्टी की पगडंडी पर
एक बैलगाड़ी खड़खड़ करती है रोज
रिंग रोड के बीचों बीच बने मंदिर में बजरंगबली के कान
जब गाड़ियों के शोर और मंजीरों, नगाड़ों की आवाज से बेहाल हो जाते हैं
बबूल के पेड़ पर कोयल बोलती हैं मेरे घर के सामने
ईश्वर को ऊंची आवाज में पुकारे जाने के थोड़ी देर बाद
ओस की बूंदें चमकने लगती हैं कोंपलों पर
मधुमक्खियां शहद जमा करती हैं नीम की डाली पर
दस फुट लंबा एक पूर्वज भी दिख जाता है मौके-बेमौके
और अब आया है यहां एक खेतिहर परिवार दाड़की करने
एक टुकड़ा गांव आ बसा है जमीन के इस टुकड़े पर
सब मजे में हैं, राजी-खुशी बीत रहा है जीवन
घास-मिट्टी की नहीं बनी हैं किसान की टापरी
पर टीन की चद्दरों में भी महसूस की जा सकती है गांव की गंध
चूल्हा जलता है तो टिक्कड़ सिकनें की भूली बिसरी खुशबू
अगरबत्ती के धुंए की तरह बिखरने लगती है हवा में
बबूल की छाया में चारपाई पर चहकता है बचपन
तो मुस्कुराते हुए चले आते हैं पिता रंगीन गुब्बारे थामे
हल तो नहीं पर ट्रैक्टर चलता है जमीन के टुकड़े पर
सफेद बगुले चलते हैं पहियों के पीछे-पीछे
साफ नहीं दिखता कि
वे बीजों को लपकते हैं या केंचुओं का करते हैं शिकार
दीवार सांझा करने वाले दुग्गल साहब नहीं जानते
कि कैसी रहती है मेरी मां की तबीयत और क्या करता हूं मैं
देहात से आए लोगों में जीवित है अभी-भी थोड़ा-सा गांव
ताजी फसल से आए
हरे चने का उपहार लेकर आता है हमारा नया पड़ोसी
और जब दीखता नहीं कोई घर में
तो पूछ लेता है- सब ठीक तो है
कोई काम हो रात-बेरात
तो संकोच मत करना बताने में
पढ़ता हूं अखबार में जब विकास की कोई नई घोषणा
एक गांव मेरे भीतर मिटने लगता है।

शब्दों की सीख



महेश कुमार केशरी
बोकारो झारखंड

*बूढ़ा व्यक्ति बगलें झांकने लगा। शायद अरुण के सवाल का उसके पास जवाब हां में नहीं था। सींकिया सा दिखने वाला वो बूढ़ा व्यक्ति ठंड से कांप रहा था। अभी वह कुछ बोलता इससे पहले ही बैंड पार्टी में से आवाज आई- 'गौरी बाबू को दो सौ रुपए मिलते हैं। एक शादी में जाने के लिए। घर में खाना-पीना बहुत मुश्किल से जुटता है। गर्म कपड़े बेचारे कहां से खरीदेंगे? बेटा बात भी नहीं पूछता।' यह एक अधेड़ सा दिखने वाला आदमी था जो उसी बैंड पार्टी से था।*

# सर्द मौसम में गर्म जूते



चारों तरफ शादी- ब्याह का शोर था। अरुण के छोटे भाई प्यारे लाल की आज शादी थी। अरुण, बाहर बारात का इंतजार कर रहा था। वो स्टेज की तरफ मुड़ने ही वाला था कि उसकी नजर एक बूढ़े पर पड़ी जो इस ठंड में भी अपने हाथों से बैंड का ड्रम बजाये जा रहा था। चारों तरह शोर था, लेकिन उस ड्रम मास्टर का शर्ट आधे से ज्यादा ऊपर से खुला था। बूढ़ा ड्रम मास्टर बीच-बीच में ड्रम बजाते-बजाते ठंड से कांपने लगता था। अरुण को अंदर कोट-पैंट पहनने के बावजूद ठंड लग रही थी। फिर उसने बूढ़े को देखा। लाल-सफेद मारकीन की शर्ट उसकी गरीबी का खूब बखान कर रही थी।

वह बूढ़े व्यक्ति के पास गया और उनसे बोला- 'बाबा, आपकी शर्ट फटी हुई है।'

'जी, बाबूजी घर पर बढ़िया शर्ट थी, लेकिन धुली हुई नहीं थी। इसलिए हड़बड़ी में यही पहन कर निकल गया। आपको कोई ऐतराज तो नहीं है , बाबूजी।'

'फिर, भी ठंड बहुत है।'

'आपको तो कोई उज्र नहीं होगा, बाबूजी।' बूढ़े व्यक्ति ने अरुण से पूछा।

'नहीं-नही, बस ऐसे ही पूछ लिया...।' अरुण इतना कहने के बाद थोड़ा रुका और फिर थोड़ा करीब जाकर पूछा- 'सच कहना बाबा, घर में सचमुच कपड़े हैं क्या?'

बूढ़ा व्यक्ति बगलें झांकने लगा। शायद अरुण के सवाल का उसके पास जवाब हां में नहीं था। सींकिया सा दिखने वाला वो बूढ़ा व्यक्ति ठंड से कांप रहा था। अभी वह कुछ बोलता इससे पहले ही बैंड पार्टी में से आवाज आई-'गौरी बाबू को दो सौ रुपए मिलते हैं। एक शादी में जाने के लिए। घर में खाना-पीना बहुत मुश्किल से जुटता है। गर्म कपड़े बेचारे कहां से खरीदेंगे? बेटा बात भी नहीं पूछता।' यह एक अधेड़ सा दिखने वाला आदमी था जो उसी बैंड पार्टी से था।

अरुण ने उससे पूछा-तुम कौन?

'मैं, देहाती हूं। चचा के घर के बगल में ही रहता हूं। 'अधेड़ ने कहा-

अरुण ने देहाती को देखा- 'हूं..।'

'चचा, ये आपके पैरों से तो खून रिस रहा है।' 'हां, बेटा ठंड में पैर, फट जाते हैं।'पता नहीं अरुण को क्या सूझा। चचा जरा इधर आना। अरुण ने अपना कोट निकाला और बूढ़े को पहना दिया।

बूढ़ा बोला- अरे बाबूजी, अरे बाबूजी कहता रह गया।

तब तक अरुण अपने जूते भी उतार चुका था। उसने बूढ़े का पैर पकड़ कर जूते पांव में डाल दिए।

शादी में आए सारे लोग अरुण को ही ताक रहे थे।

अरुण ने झेंपते हुए बारातियों से कहा- आप लोग जयमाला करवाइए। मैं अभी आता हूं। सींकिया बूढ़े व्यक्ति की आंखों में कृतज्ञता के भाव थे।

अरुण बूढ़े की आंखों में देखते हुए बोला- 'दरअसल मेरे पिता जी भी बैंड बजाते थे। उनकी भी मौत भी ठंड लगने से ऐसे ही ठंड के महीने में हो गई थी। मैं नहीं चाहता कि कोई दूसरा बाप भी ठंड से वैसे ही मर जाए।

बूढ़े ने अरुण को गले से लगा लिया। दोनों की आंखें नम थीं, आंसुओं में नमीं नहीं गरमाहट भरी थी।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में:** राहुल गांधी ने किए बाबा बैद्यनाथ के दर्शन... किया रुद्राभिषेक

## भाजपा को घेरा, कहा- झारखंड में सरकार चोरी करने की कोशिश की गई

**एजेंसी** | रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ देवधर पहुंचे और वहां बाबा वैद्यनाथ धाम के दर्शन किए और 'रुद्राभिषेक' किया।

इससे पहले गोड्डा जिले में न्याय यात्रा' के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने भाजपा पर झारखंड में सरकार की 'चोरी' की कोशिश करने का आरोप लगाया और भाजपा की विचारधारा का विरोध करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनादेश की रक्षा के लिए हस्तक्षेप किया। उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार को बचाने में कांग्रेस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने देवघर में भी रैली को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने अपनी सभाओं में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड में झामुमो सरकार गिराने की कोशिश की, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैला रही है और हम न्याय यात्रा के माध्यम से इसका विरोध कर रहे हैं। हम सभी को एकजुट करने आए हैं। पूरे देश में अन्याय हो रहा है गरीबों को साथ, कमजोर वर्गों के साथ, युवाओं के साथ और किसानों के साथ।

राहुल गांधी ने कहा, अगर अडाणी का नाम लिया जाता है तो लोग सेकेंड में समझ जाते हैं, नरेंद्र मोदी ही उनकी पूंजी हैं। हम लैंड ट्रिब्यूनल बिल लाए, पीएम मोदी ने उस बिल को रद्द कर दिया। सभी के साथ अन्याय हो रहा है और अडा णी से न्याय हो रहा है। न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने मीडिया से बात करते हुए कहा यह एक विचारधारा की यात्रा है। एक तरफ वो विचारधारा है जो बंटवारे में विश्वास रखती है और दूसरी तरफ वो विचारधारा है जो एकता, भाईचारे और सद्भाव में विश्वास रखती है।



### कांग्रेस विधायकों का हैदराबाद में डेरा

हैदराबाद। झारखंड में सियासी सरगर्मी के बीच कांग्रेस विधायकों को कथित खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए यहां एक रिजॉर्ट में ठहराया गया है। हेमंत सोरेन के सीएम पद से इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन ने राज्य के सीएम का पद संभाला है। चंपई सोरेन को 5 फरवरी को राज्य विधानसभा में बहुमत साबित करना है। झारखंड के कांग्रेसी विधायक दो फरवरी को एक निजी उड़ान से यहां पहुंचे थे। सभी करीब 40 विधायकों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव और पार्टी की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी की निगरानी के तहत ठहराया गया है। सूत्रों के अनुसार कोई भी व्यक्ति अन्य लिफ्ट या सीढ़ियों का उपयोग कर उस स्थान पर नहीं जा सकता जहां विधायकों को ठहराया गया है। पुलिस अधिकारी निकास और प्रवेश द्वारों की चौबीसों घंटे पहरेदारी कर रहे हैं। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के सूत्रों ने कहा कि झारखंड के विधायक पांच फरवरी को रांची के लिए रवाना होंगे जब चंपई सोरेन सरकार विश्वास मत का सामना करेगी।

### BJP में जाने की अटकलें अफवाह: कमलनाथ



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने के सवाल को अफवाह करार दिया और कहा कि राजनेता स्वतंत्र हैं और किसी भी संगठन से जुड़े रहने के लिए बाध्य नहीं हैं। कमलनाथ आचार्य प्रमोद कृष्णम जैसे अपने कांग्रेस सहयोगियों के भाजपा में शामिल होने की संभावना पर संवाददाताओं के सवाल का जवाब दे रहे थे। कमलनाथ ने पाला बदलने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, बहुत सारी अफवाहें चल रही हैं और मैं उनके बारे में क्या कह सकता हूं? यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसपर कमलनाथ ने कहा कि उम्मीदवारों पर सभी निर्णय पार्टी द्वारा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का फैसला जीतने की क्षमता के आधार पर किया जाएगा।

### संत शिवकुमार को भारत रत्न देने की मांग

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को केंद्र सरकार से सिद्धगंगा मठ के संत शिवकुमार स्वामी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। बसवना बागेवाड़ी में बसवन्ना मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न का स्वागत करता हूं, लेकिन मैं केंद्र से शिवकुमार स्वामी को भी भारत रत्न देने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि संत ने मानवता के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। राज्य सरकार ने संत को भारत रत्न देने के लिए पहले केंद्र को पत्र लिखा था, लेकिन फैसला केंद्र सरकार पर छोड़ दिया गया है।

**ओडिशा को दी प्रधानमंत्री ने** 68 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स की सौगात

## आत्मविश्वास से भरा है आज का युवा, पहले था निराश: PM मोदी

**एजेंसी** | संबलपुर(ओडिशा)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में विधानसभा चुनाव और अगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के दौरे में शनिवार को कहा कि 2014 से पहले भारत का युवा निराशा में डूबा था, उसका भविष्य अंधेरे में था। आज भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा है क्योंकि उसके पीछे ईमानदार भाजपा सरकार खड़ी है।

पीएम मोदी ने शनिवार को ओडिशा को 68 हजार करोड़ रुपए की 18 परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने संबलपुर में आयोजित एक समारोह में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने संबलपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के स्थाई परिसर का उद्घाटन किया। इसे 400 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

इसके अलावा ऊर्जा, सड़क व रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्धघाटन किया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्र की योजनाओं से ओडिशा को होने वाले लाभों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में केंद्र सरकार ने जो नीतियां बनाई हैं, उनका ओडिशा को बहुत ज्यादा फायदा हुआ। हमने खनन के क्षेत्र में जो नए सुधार किए हैं, ओडिशा उसका बहुत बड़ा लाभार्थी है।



खनन नीति में बदलाव के बाद ओडिशा की आय में दस गुना की बढ़ोतरी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस का राज था, तब ओडिशा को अपने हक के लिए भी परेशान होना पड़ता था। आज आपका ये बेटा दिल्ली में बैठा है, इसलिए आज ओडिशा के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जहां ओडिशा की पहचान को खराब करने के प्रयास होते थे, वहीं हमारी सरकार आज ओडिशा का गौरव बढ़ा रही है।

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले ही देश का नया बजट आया है। पिछले 10 वर्षों में जिस नीति पर चलते हुए देश के 25 करोड़ लोग, गरीबी से बाहर निकले हैं, ये बजट उसी नीति को और मजबूत करता है। इस बजट का ऐलान है- गरीबों को सशक्त करने की गारंटी। हमारे युवा हों, महिलाएं हों, किसान हों, मछली पालक हों, ये बजट सबके विकास की गारंटी देता है। देश के गरीब का बिजली बिल भी जीरो हो जाए इसलिए इस बजट में 1 करोड़ परिवारों के लिए रूफटॉप सोलर पावर स्कीम की घोषणा की गई है। बीते 10 वर्षों में करीब 1 करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं।

इस बजट में 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य उठाया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले 10 वर्षों तक, केंद्र में जो सरकार थी, वह बजट में जितनी घोषणाएं करती थी, उससे कई गुना बड़े घोटाले करती थी।

### असम पहुंचे प्रधानमंत्री

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के दौरे के बाद शनिवार शाम असम में गुवाहाटी हवाईअड्डे पर पहुंचे। यहां राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने उनकी अगवानी की। यहां रविवार को वह लगभग 11,600 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं की सौगात देंगे। यहां पहुंचने के बाद पीएम मोदी भाजपा प्रदेश कोर कमेटी से मिले और पार्टी के मामलों पर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि रविवार सुबह 11:30 बजे मोदी खानापारा के वेटरनरी कॉलेज के मैदान में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। मोदी वहां कई राज्य और केंद्रीय परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कुछ का लोकार्पण करेंगे।

**राजभवन व सरकार** में चल रही थी खींचतान

## पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी** | नई दिल्ली

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपा है। यह इस्तीफा राज्यपाल पुरोहित और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच तीखी जुबानी जंग के बाद आया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दिए गए इस्तीफे पत्र में बनवारी लाल ने लिखा है कि अपने व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूं। कृपया स्वीकार करें।

पुरोहित ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी यह मुलाकात चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी।

महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

पुरोहित 31 अगस्त 2021 को पंजाब के राज्यपाल का पद संभालने से पूर्व असम और तामिलनाडू के भी राज्यपाल रह चुके हैं।

पुरोहित के पंजाब में अपने अढ़ाई साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कई मुद्दों पर टकराव रहा। दोनों को अपने अपने अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

**केजरीवाल पांचवें** समन पर भी नहीं हुए हाजिर

## ED ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा 7 को होगी मामले की सुनवाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कथित शराब नीति घोटाले में पांचवें समन पर भी हाजिर न होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

ईडी ने शिकायत की है कि केजरीवाल पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। नई दिल्ली का राउज एवेन्यू कोर्ट 7 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करेगा। दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत में शनिवार को ईडी की शिकायत मनी लॉन्डरिंग एक्ट की धारा 63



(4) के तहत दायर की गई है। इस धारा के तहत एजेंसी को किसी व्यक्ति को बुलाने का अधिकार मिला है।

शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 174 का भी उल्लेख किया गया है। यह एक लोकसेवक के आदेश का पालन न करने से संबंधित है। केजरीवाल ने शुक्रवार को ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बार-बार दावा किया है कि जारी किए गए समन अवैध हैं और एजेंसी का एकमात्र उद्देश्य उन्हें गिरफ्तार करना है। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी के दो अन्य नेताओं, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को पिछले साल इसी मामले में हिरासत में लिया गया था।

### आप के पूर्व विधायक भयानी BJP में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद अब आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक भूपेन्द्र भयानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भयानी ने पिछले साल दिसंबर में पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के अनुसार भयानी और उनके समर्थक भेसन गांव में एक समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए भयानी ने कहा कि यह मेरी घर वापसी है, क्योंकि विधायक चुने जाने से पहले मैं भाजपा में था। देश प्रपीएम मोदी के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है।

**केंद्र पर बकाया राशि को लेकर** ममता का धरना, कहा...

## बंगाल सरकार देगी श्रमिकों को 100 दिन के काम का पैसा

- **21 फरवरी को राज्य सरकार उनके बैंक खाते में राशि करेगी ट्रांसफर**

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार बंगाल के मजदूरों को 100 दिन के काम का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि जिन 21 लाख श्रमिकों का पैसा केंद्र सरकार ने नही दिया है, उनका पैसा 21 फरवरी को राज्य सरकार उनके बैंक खाते में ट्रांसफर करेगी। ममता ने केंद्र सरकार पर विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए राज्य के बकाए का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। वह शुरुआत शुक्रवार को कोलकाता में धरने पर बैठी। मुख्यमंत्री ने कड़ाके की सर्दी के बीच धरनास्थल पर ही रात बिताई। धरना शनिवार को भी जारी रहा।



ममता बनर्जी ने कहा, केंद्र सरकार बंगाल को मारने की सोच रही है। उन्होंने आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि 11 लाख आवासों को 'अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। मैं इसे बारे में भी उचित समय पर बात करूंगी। हम भीख नहीं मांगना चाहते।

**कांग्रेस का न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन**

## यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने की, विफल हुए तो मोदी के गुलाम बन जाएंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस के न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया।

उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर प्रहार किया और कहा कि ये लड़ाई संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है, अगर आप इसमें असफल हुए तो आप हमेशा के लिए मोदी के गुलाम बन जाओगे। खरगे ने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही मोदी सरकार पर अपने वादे पूरे न करने का भी आरोप लगाया। खरगे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 21 दिन से राहुल गांधी समाज के हर वर्ग के लिए न्याय मांग रहे हैं। ऐसा कदम कभी किसी पार्टी के नेता ने नहीं उठाया।

भाजपा सरकार के राज में हो रहे अन्याय के खिलाफ वह अकेले लड़ रहे हैं।

खरगे ने सवाल करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी कहां है? हर साल की दो करोड़ नौकरी कहां गई? 15-15 लाख कहां गए? झूठों के सरदार हैं मोदी, सभी को धोखा दे रहे हैं। जनता की भलाई नहीं बुराई कर रहे।



> **21 दिन** से राहुल समाज के हर वर्ग के लिए मांग रहे हैं न्याय

### कांग्रेस ने निभाए अपने वादे

खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने जो भी वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया। उन्होंने हमारे किसानों को धोखा दिया, युवाओं, महिलाओं को धोखा दिया। खरगे ने तंज कसते हुए कहा सबका साथ, सबका विकास लेकिन मोदी ने कर दिया सबका सत्यानाश। उन्होंने कहा कि हमें देश में भाईचारा वापस लाना है। मोदी ईडी का इस्तेमाल भी डर फैलाने के लिए कर रही है। झारखंड में हमारे विधायकों को तोड़ने की कोशिश की गई। बिहार में इन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी तरफ खींच लिया। पलटू कुमार फिर भाजपा का नाम लेने लगे। हमने मोहब्बत की दुकान खोली है, लेकिन उन्होंने बदले की और नफरत की दुकान खोली हुई है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

### कांग्रेस ने बिहार में सियासी समीकरणों पर किया मंथन

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार के राजग के खेमे में लौटने के बाद राज्य में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस ने अगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर शनिवार को दिल्ली में अहम बैठक की। बैठक में बिहार कांग्रेस के नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक और यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे सहित हमने जो टीम बनाई है, वह आपको विवरण देगी कि उन्होंने किससे मुलाकात की और चर्चा की। सूत्रों के अनुसार बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि जदयू के इंडिया गठबंधन से अलग होने के बाद कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कितनी सीटों पर दावा कर सकती है। किस सीट पर अधिक मजबूत दावेदारी होगी, इसके लिए विधायकों से राय ली गई। बैठक से पहले पटना में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने राबड़ी आवास पहुंचकर राजद प्रमुख लालू यादव से मुलाकात की। ये मुलाकात 30 मिनट तक चली। माना जा रहा है कि मुलाकात के दौरान बिहार के ताजा सियासी हालातों और लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत हुई है। दोनों पार्टियों के बीत सीट बंटवारा भी होना है। कयास लगाए जा रहे हैं। कि सीटों को लेकर भी लालू यादव से बात हुई है। इससे पहले बिहार में सीटों को लेकर कांग्रेस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा था।

## जरूरी खबर

### गोली मारने का आरोपी MLA पुलिस कस्टडी में

**ठाणे।** ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के भीतर सीएम एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना नेता पर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ को शनिवार को 14 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें गणपत गायकवाड़ और दो अन्य को शाम को उल्हासनगर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस ने बताया कि विधायक ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोलियां चला दीं। अस्पताल में भर्ती महेश गायकवाड़ की हालत गंभीर बताई गई है। भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और शिवेसना नेता महेश गायकवाड़ में विवाद चल रहा है।

### बार-बार आग्रह के बावजूद नहीं दी व्हीलचेयर: सुवर्णा

**चेन्नई।** भारतीय पैरा एथलीट सुवर्णा राज ने आरोप लगाया है कि नई दिल्ली से चेन्नई की फ्लाइट के दौरान इंडिगो एयरलाइंस के चालक दल के सदस्यों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मैंने विमान में मौजूद चालक दल के सदस्यों से करीब 10 बार व्हीलचेयर की मांग की थी, लेकिन उन्होंने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। एयरपोर्ट अधिकारियों के पास इसे लेकर शिकायत भी दर्ज कराई गई है। राज ने कहा कि एयरलाइंस में बार-बार उन्हें ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ा है।

### जाली दस्तावेजों से CAPF भर्ती मामले में CBI के छापे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भर्ती में सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों को लाभ लेने के लिए अधिवास दस्तावेजों में कथित जालसाजी को लेकर शनिवार को सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तरी परगना जिले में आठ स्थानों पर तलाशी ली। कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर पिछले अगस्त में सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली थी। आरोप है कई उम्मीदवारों को जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के माध्यम से सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में अवैध रूप से भर्ती किया गया था, कथित तौर पर उन्हें सीमावर्ती क्षेत्रों से दिखाया गया था और इस प्रकार कम कट-ऑफ अंक पर प्रवेश किया गया था।

## हरियाणा सरकार के कामकाज पर पुस्तक का लोकार्पण




**फरीदाबाद।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को फरीदाबाद जिले में सूरजकुंड मेले में ब हरियाणा हरियाणा सरकार के अतुल्य नौ वर्ष नामक पुस्तक का लोकार्पण किया। मगर किताब में ये भी बताया गया है कि कैसे हरियाणा सरकार ने इन चुनौतियों से पार पाकर विकास की राह पर आगे बढ़ी है।

### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर फिर शुरू हुआ यातायात

**जम्मू।** भारी बारिश और बर्फबारी के कारण कई जगह हुए भूस्खलन से दो दिन तक बंद रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही शनिवार तड़के फिर से शुरू हो गई। हालांकि, यातायात विभाग ने यात्रियों को लेन अनुशासन का पालन करने और सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी क्योंकि रामबन जिले में शेरबीबी के पास मुख्य सड़क का एक हिस्सा एकल-लेन है और कई स्थानों पर फिसलन भी है।

कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाले 270 किलोमीटर लंबे एकमात्र राजमार्ग पर यातायात को शेरबीबी के पास किश्तवाड़ पाथेरी में भूस्खलन से सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद गुरुवार सुबह निलंबित कर दिया गया था। इसके कारण दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंस गए थे।

इस बीच, मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने रविवार शाम तक हल्की बूंदाबांदी का अनुमान व्यक्त किया है और यात्रियों को यात्रा शुरू करने से पहले आधिकारिक परामर्श का पालन करने की सलाह दी है।

**कॉमनवेल्थ सम्मेलन में** पीएम मोदी ने दिया थ्री आर का मंत्र और कहा...

# 21वीं सदी की चुनौतियों से लड़ने के लिए जरूरी है नया दृष्टिकोण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पर पुनर्विचार (rethink), पुनर्कल्पना (reimagine) और सुधार (reform) की जरूरत है। न्याय प्रदान करने वाली कानूनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने की जरूरत है।

साथ ही हमारे सिस्टम को अधिक लचीला और अनुकूल बनाना भी शामिल है। अब तीन नए कानूनों ने 100 साल से अधिक पुराने औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों की जगह ले ली है।




पीएम मोदी ने शनिवार को विज्ञान भवन में आयोजित कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन के कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस-2024 के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। उन्होंने टेटर फंडिंग, विभिन्न देशों के बीच संबंध और 21वीं सदी की चुनौतियों पर भी चर्चा की।

कॉन्फ्रेंस की थीम न्याय प्रदान करने में सीमा पारीय चुनौतियां थी। कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल रहे। पीएम मोदी ने न्याय दिलाने को बढ़ावा देने में कानूनी शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने विधि विद्यालयों में अधिक महिलाओं को शामिल करने पर जोर दिया गया ताकि कानूनी प्रणाली में उनकी उपस्थिति बढ़ सके।

### तेजी से न्याय प्रदान करता है बेहतर तालमेल

पीएम मोदी ने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए अन्य देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। जब हम सहयोग करते हैं तो हम एक-दूसरे के सिस्टम को बेहतर ढंग से समझते हैं। बेहतर समझ बेहतर तालमेल लाती है और बेहतर तालमेल तेजी से न्याय प्रदान करता है। देशों को जांच और न्याय प्रदान करने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए भी सहयोग हो सकता है। जब हम साथ मिलकर काम करते हैं, तो क्षेत्राधिकार न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी संघ के साथ भारत के विशेष संबंध हैं। हमें गर्व है कि अफ्रीकी संघ भारत में जी20 की बैठक के दौरान इसका हिस्सा बना।

### अपराधियों का बड़ा नेटवर्क



पीएम मोदी ने कहा कि अपराधियों का कई देशों और क्षेत्रों में बड़ा नेटवर्क है। वे फंडिंग और ऑपरेशन्स को अंजाम देने लिए उच्च तकनीक अपना रहे हैं। क्रिप्टो करेंसी के बढ़ने और साइबर खतरों के कारण नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को औपनिवेशिक काल से कानूनी व्यवस्था विरासत में मिली है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में हमने इसमें कई सुधार किए हैं। औपनिवेशिक काल के हजारों अप्रचलित कानूनों को खत्म कर दिया है। पहले सजा और दंडात्मक पहलुओं पर ध्यान दिया जाता था, लेकिन अब न्याय को प्रोत्साहित करने पर ध्यान है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में मैंने कई अवसरों पर कानूनी बिरादरी के साथ बातचीत की। इस तरह की बातचीत बेहतर और तेज न्याय वितरण के समाधान के अवसर लाती है। भारतीय चिंतन में न्याय को बहुत महत्व दिया गया है।

### राजनीति से प्रभावित न हों कानूनी अधिकार: CJI

सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय के प्रति साझा प्रतिबद्धता कायम करने के महत्व को पहचानने की आवश्यकता है। यह जरूरी है कि कानूनी अधिकारी राजनीति से प्रभावित न हों और कानूनी कार्यवाही की अखंडता सुनिश्चित करते हुए अदालतों में गरिमापूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने कहा, हम परंपरा और नवाचार के चौराहे पर खड़े हैं, प्रौद्योगिकी न्याय के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उभरी है। हालांकि इससे न्याय की गति और पहुंच बढ़ने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हमें सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

**हाई कोर्ट ने** डॉक्टरों से मांगा स्पष्टीकरण

## मेडिकल बोर्ड बनाने के आदेश ताक पर, कर दिया गर्भपात

**एजेंसी** | कोलकाता

डॉक्टरों की एक टीम ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से खत्म (गर्भपात) कर दिया। इस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने डॉक्टरों को बलात्कार पीड़िता की प्रेगनेंसी को लेकर मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया था। लेकिन डॉक्टरों ने पीड़िता का गर्भपात ही कर दिया। कोर्ट का कहना है कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जानी थी। कोर्ट ने डॉक्टरों की टीम से स्पष्टीकरण मांगा है कि उन्होंने बिना कोर्ट के निर्देश के किस जल्दबाजी में ऐसा किया।

जस्टिस साब्यसाची भट्टाचार्य ने शुक्रवार को कहा कि कोर्ट ने गर्भ समाप्त करने का आदेश नहीं दिया था। कोर्ट ने आदेश दिया था कि एक मेडिकल बोर्ड बनाया जाए जो यह देखे कि प्रेगनेंसी समाप्त करने से क्या मुश्किलें हो सकती हैं। क्या ऐसा करना पीड़िता के लिए



उचित रहेगा या नहीं? इसके साथ ही कोर्ट ने डॉक्टरों से नौ फरवरी या इससे पहले रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। रेप पीड़िता ने गुहार लगाई थी कि एक हादसे के चलते वह गर्भवती हो गई है। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि इसके चलते वह मानसिक उत्पीड़न से गुजर रही है। उधर सरकारी वकील का कहना था कि रेप की घटना 28 जुलाई, 2023 को हुई थी। ऐसे में पीड़िता का गर्भ 20 से 24 हफ्तों का होगा, जिसका गर्भपात सुरक्षित नहीं रहेगा। जस्टिस भट्टाचार्या ने 29 जनवरी को सुनवाई करते हुए कहा था कि कोर्ट इस मामले में फैसला करने में सक्षम नहीं है क्योंकि वह मेडिकल एक्सपर्ट नहीं है।

## जल्द ही शुरू होगा राम दरबार का निर्माण कार्य

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या की राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि राम जन्मभूमि मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल पर भगवान राम के 'दरबार' के निर्माण का काम तुरंत शुरू किया जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद हो रही श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की दो दिन की बैठक के पहले दिन नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि राम दरबार का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर में निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू हो रहा है। परकोटा' का काम पूरा होना है, 795 मीटर की 'परिक्रमा' दीवार पर काम पूरा किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के निचले चबूतरे पर मूर्ति विज्ञान का काम भी शुरू किया जाएगा। मिश्रा ने शनिवार को मंदिर निर्माण समिति की बैठक के पहले मंदिर भवन का निरीक्षण किया।

**बढ़ रही है यूपीआई की ग्लोबल पहुंच**

# फ्रांस के एफिल टावर पर अब हो सकेगा यूपीआई से भुगतान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस अब ग्लोबल पहुंच बढ़ रही है। ब्रिटेन के बाद यूरोप के एक अन्य प्रमुख देश फ्रांस में भी अब यूपीआई पहुंच गई है। इससे अब फ्रांस के एफिल टॉवर की टिकटों को ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बुक किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एफिल टॉवर में यूपीआई सेवा शुरू होने पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा। यह यूपीआई को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने का अद्भुत उदाहरण है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा था कि कि पेरिस के एफिल टावर देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस का उपयोग करके प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी सहयोगी कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ साझेदारी की है।

UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा।

ज्ञात रहे कि अभी ये सुविधा केवल भारतीय पर्यटकों के लिए है। कंपनी द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टावर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं। इससे लेनदेन की प्रक्रिया



तेज, आसान और परेशानी मुक्त हो जाएगी। जानकारों के अनुसार एफिल टावर पर शुरू की गई यूपीआई जल्द ही फ्रांस के बाकी हिस्सों में भी शुरू की जा सकती है।

### क्या है यूपीआई

यूपीआई भारत की ओर से बनाया गया एक अत्याधुनिक पेमेंट सिस्टम है, जिसमें बिना कोई ओटीपी के केवल एक पिन दर्ज कर भुगतान कर सकते हैं।

### बड़ी संख्या में भारतीय जाते हैं एफिल टावर

समय एफिल टावर देखने आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में भारतीय पर्यटक दूसरे सबसे बड़े समूह के रूप में हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा कि उनका लक्ष्य ऐसी साझेदारी स्थापित करना और उपभोक्ताओं को सुविधाजनक तथा सुरक्षित सीमा पार भुगतान समाधान देने में सहयोग करना है।

### इन देशों में पहुंचा भारत का यूपीआई

भारत सरकार यूपीआई को एक ग्लोबल पेमेंट सिस्टम के रूप में प्रमोट कर रही है। वर्तमान में सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और ब्रिटेन जैसे देशों में यूपीआई चलता है।

### अनुष्का-विराट के घर फिर गूंजने वाली है किलकारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा लंबे समय से अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हालांकि, अभी तक विराट कोहली या फिर अनुष्का में से किसी ने इसकी घोषणा नहीं की है, लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि विरोट-अनुष्का अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल, एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपने यूट्यूब चैनल पर क्वेश्चन-आंसर सेशन के दौरान इस बात का खुलासा किया। डिविलियर्स ने कोहली द्वारा परिवार को प्राथमिकता देने पर उनका सपोर्ट किया और कहा, 'हां, उनका दूसरा बच्चा आने वाला है।

## रणबीर कपूर करेंगे रामायण की 60 दिन तक मुंबई में शूटिंग, लंदन में भी शेड्यूल

# 'एनिमल' ने राम के लिए छोड़ा मांसाहार

**बेधड़क.जयपुर।** एनिमल सुपरहिट हो गई और इसी के साथ एक नए सुपरस्टार बनकर उभरे इसके हीरो रणबीर कपूर। उन्होंने अपने अभिनय से न केवल फीमेल फेंस को बल्कि युवाओं और बजुर्गो को भी अपना फेन बना लिया है। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की यह एक्शन क्राइम फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट थी। अभिनेता इसकी सफलता को एंजॉय करने के बाद आगे बढ़ चुके हैं अपनी अगली फिल्म नितेश तिवारी की रामायण के लिए तैयारी कर रहे हैं। हालिया मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि यह मूवी जल्द ही फ्लोर पर जाएगी और अभिनेता मुंबई और लंदन जैसे शहरों में शूटिंग करेंगे।



### केजीएफ वाले यश बनेंगे लंकेश

फिल्म की बाकी कास्टिंग भी बहुत मजबूत है। रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभाएंगे ही, सईं पल्लवी माता सीता की भूमिका में दिखेंगी। केजीएफ वाले यश रावण की भूमिका निभाएंगे। लारा दत्ता कैकेयी बनेंगी। विभीषण के किरदार के लिए विजय सेतुपति को चुना गया है।



### रामायण में सनी देओल महाबली हनुमान की भूमिका में आएंगे नजर

फिल्म में सनी देओल महाबली हनुमान की भूमिका निभाएंगे। सनी देओल को जीवन में पहली बार भगवान हनुमान की भूमिका निभाने का अवसर मिला है। इसको लेकर सनी बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि यह लिए गौरव की बात है इस भूमिका के लिए उन्हें चुना गया। भगवान हनुमान ताकत के प्रतीक हैं और वर्तमान समय में इस भूमिका को पूरी दृढ़ता के साथ निभाने के लिए सनी देओल से बेहतर कौन हो सकता है। विकास से जुड़े एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया। सनी इस साल मई में रामायण: पार्ट वन की शूटिंग करेंगे। सूत्र ने आगे कहा कि रामायण: भाग एक में सनी देओल अतिथि भूमिका में हैं, महाकाव्य त्रयी के दूसरे और तीसरे भाग में उनकी पूरी उपस्थिति होगी। निर्माताओं को विश्वास है कि दारा सिंह के बाद, यह सनी देओल ही हैं जो आधुनिक समय में भगवान हनुमान का पर्याय बनेंगे।



### मुंबई शेड्यूल के साथ करेंगे शूटिंग शुरू

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, रणबीर कपूर जल्द ही फ्लोर पर आने वाले हैं। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई में होगी। सूत्र ने आगे बताया कि रणबीर वित्तीय राजधानी में लगभग 60 दिनों तक शूटिंग करेंगे और उसके बाद लंदन में एक शेड्यूल होगा। रामायण के लंका वाले हिस्से को लगभग 60 दिनों तक लंदन में फिर से शूट किया जाएगा। इस शेड्यूल में रणबीर के साथ अभिनेता यश भी शामिल होंगे। कथित तौर पर, रणबीर ने स्वेच्छा से शराब, मांसाहारी भोजन के साथ-साथ देर रात की पार्टियों को भी छोड़ दिया है। यह भगवान राम की भूमिका के लिए सम्मान और तैयारी है।

## आरपीसी ने मालार्पण को हराया



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर पोलो सीजन 2024 का पहला एग्जीबिशन मैच, रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप आज आरपीसी ग्राउंड पर खेला गया। बड़ी संख्या में दर्शकों ने इस रोमांचक खेल का आनंद लिया, जिसमें आरपीसी ने मालार्पण के खिलाफ 6-5 गोल से जीत हासिल की। विजेता टीम के लिए वीरम देव सिंह कृष्णावत और विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने 2-2 गोल किए। वहीं राव हिम्मत सिंह बेदला और एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर ने 1-1 गोल किया। इसी प्रकार, मालार्पण की ओर से डीनो धनखड़ ने 3 गोल और लांस वॉटसन ने 2 गोल किए। टीम के अन्य खिलाड़ियों में निमित मेहता और अनंत राजपुरोहित भी शामिल थे। इस अवसर पर पुलिस कमिशनर, जयपुर, बीजू जॉर्ज जोसेफ, आईपीएस मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, सीएमडी, फर्स्ट इंडिया न्यूज, जगदीश चंद्रा; महाराज नरेंद्र सिंह; आरपीसी क्लब के ऑनररी सेक्रेटरी, दिग्विजय सिंह और सुधीर माथुर भी उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परंपरा नाट्य समिति की ओर से नुक्कड़ नाटक 'जागो भाई जागो' का मंचन किया गया। इसमें स्कूलों में वाहन चलाने वाले चालकों को संदेश दिया गया कि ड्राइविंग करते समय लाइसेंस रखना बहुत जरूरी है। नए नियमों में आपका लाइसेंस जब्त भी हो सकता है। गाड़ी को सीज भी किया जा सकता है। गाड़ी चलाने से पहले लाइसेंस होना आवश्यक है। दिलीप भट्ट के निर्देशन में कलाकार सचिन भट्ट, सुमित सीलन, केके कोहली, हर्ष भट्ट, महेश महावर और दिलीप भट्ट ने ब्राइट इंटरनेशनल स्कूल, ओम शिव नगर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। आरटीओ अलीम खान भी इसमें उपस्थित रहें।

## City इवेंट्स

### लघु उद्यमी महिलाओं पर ई-डायरेक्ट्री



**बेधड़क. जयपुर।** एआई के साथ स्मार्ट तरीके से काम करना, व्यावसायिक प्रतिक्रियाओं को अनुकूलित करने और उत्पादकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मौका था जीतो जयपुर लेडीज विंग द्वारा एआई कार्यशाला 'एआई फॉर यू' के आयोजन का। महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ रहे। उन्होंने जीतो जयपुर लेडीज विंग द्वारा तैयार की गई ऊर्जा ई-डायरेक्टरी का भी विमोचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एआई वर्कशॉप के साथ हुई, जिसके लिए खास दिल्ली से स्पीकर नितिन जैन जयपुर पहुंचे। जैन ने कार्यशाला में एआई के माध्यम से व्यवसाय को आसान बनाने के तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान जीतो लेडीज विंग की अध्यक्ष खुशबू बाकलीवाल व सचिव मेघना जैन ने बताया कि लगभग 450 से अधिक महिलाओं व लोगों ने इसमे भाग लिया।

### किड्स बैडमिंटन में हुए रोमांचक मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राज्य के डॉक्टर्स के सबसे बडे खेल महोत्सव टेबलिंटन के नौवें संस्करण में किड्स बैडमिंटन टीम इवेंट मुकाबलों में प्रियूश हॉस्पिटल ने कांकरिया फाइटर्स पर 5-0 से जीत दर्ज की। कोकून हॉस्पिटल ने जयपुर गैस्ट्रो पर 3-2 से तथा यूरो फर्स्ट ने राणा ऑर्थो केअर पर 3-2 से जीत दर्ज की। किड्स बैडमिंटन संयोजक डॉ नफीस एवं डॉ. शगुफ्ता ने बताया कि ओपन मुकाबलों में 10 वर्ष से 13 वर्ष के बच्चों में माधव और वीरल ने फाइनल में जगह बनाई। 13 से 16 वर्ष के बच्चों के वर्ग में तनय कांकरिया एवं ज्योतिरादित्य के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल देवांश गुप्ता एवं वात्सल्य के बीच खेला जाएगा।

### न्यूट्रीफेस्ट में न्यूट्रिशन पर फोकस




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर न्यूट्रीफेस्ट में शनिवार को पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन में बच्चों ने पौष्टिक आहार के महत्व को दर्शाया तो लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। न्यूट्री टॉक सेशन में टाई (दी इंडस एंटरप्रेन्योर्स) की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शीनू झंवर, उद्योगपति राज बागड़ी, कानोडिया कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सीमा अग्रवाल, कृषि विशेषज्ञ प्रतीक तिवाड़ी ने मोटे अनाज व पौष्टिक आहार के फायदे और भविष्य, टेरेस फार्मिंग, अर्बन फार्मिंग जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। इस दौरान न्यूट्रीफेस्ट की संयोजक प्रीति पारीक, सह संयोजक भावना रौत और ईसीएच कॉर्डिनेटर प्रो. सुमिता कच्छावा व मेले में पहुंचे।

### अपकमिंग फिल्म का किया प्रमोशन

## पिंकसिटी में हिन्दुत्व का झंडा लिए पहुंचे भजन सम्राट अनूप जलोटा




**बेधड़क | जयपुर**

'एक युवती अपने धर्म से विमुख होकर किसी अन्य धर्म के लड़के के चंगुल में पड़ जाती है, जिसे बाद में अपने किए पर अफसोस होता है और उसे अपने कॉलेज का ही एक लड़का सही रास्ते पर लाने की कोशिश करता है।' यह कहानी है मास्क टीवी और टैग प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित अपकमिंग फिल्म हिंदुत्व की और इसे मीडिया के सामने रखा भजन सम्राट अनूप जलोटा ने। महाराजा कॉलेज प्रिंसिपल ग्राउंड, अल्बर्ट हॉल साउथ गेट पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में फिल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और स्टारकास्ट ने फिल्म से जुड़ी जानकारियां शेयर की। जलोटा ने बताया कि उनके अभिनय और भजन से सजी यह फिल्म 9 फरवरी को मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। यह फिल्म एक ऐसे जेनरेशन की कहानी पर आधारित फिल्म है जिसे अपनी संस्कृति के बिखराव से कोई लगाव नहीं है। इस पीढ़ी को मालूम ही नही है कि यदि उसकी मूल पहचान ही मिटा दिया जाए तो उसका भविष्य कितना भयावह हो सकता है।

फिल्म में सेक्युलरिज्म और हिंदुत्व के असल मायने बताए गए हैं। इस मौके पर अनूप जलोटा, पंडित सुरेश मिश्रा, आशीष शर्मा, फिल्म के निर्माता चिरंजीवी भट्ट, चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट, लेखक निर्देशक करण राजदान, संजय भट्ट, संजय भूषण पटियाला उपस्थित रहे। फिल्म को अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट ने प्रोड्यूस किया है।

### भक्तों ने भावविह्वल होकर दी विदाई

## आचार्य सौरभ सागर का दिल्ली विहार, आज मंदिर में पूजा विधान



**बेधड़क | जयपुर**

नौ महीने से जयपुर में प्रवासरत दिगम्बर जैन संत आचार्य सौरभ सागर महाराज का दिल्ली की ओर मंगल विहार हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने अपने गुरु को भीगे नैत्रों से विदाई दी।

राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य का दिल्ली रोड पर दोपहर 2:30 रामगढ़ मोड़ से आमेर के लिए मंगल विहार हुआ। आचार्य पुरानी चुंगी रामगढ़ मोड होते हुए जलमहल के सामने बख्शी फार्म हाऊस पहुचे, जहां जयपुर के प्रसिद्ध बख्शी परिवार ने उनकी अगवानी करते हुए पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की। इस मौके पर श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के मानद मंत्री सुनील बख्शी, भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कोठारी, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, युवा समाजसेवी गजेन्द्र बडजात्या आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य का बख्शी फार्म से विहार होकर आमेर के श्री संकट हरण पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर कमेटी द्वारा पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की गई।

विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक रविवारको आचार्य के सानिध्य में प्रातः 7 बजे से साजों के साथ श्री 1008 कल्याण मंदिर पूजा विधान होगा।

**इंडिया स्टोन मार्ट** | खरीदारों और विजिटर्स की भीड़ उमड़ी

## निर्माण में पुरानी चट्टानों के पत्थरों के उपयोग पर जोर

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर एग्जीबिशन एण्ड कन्वेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में चल रहे इंडिया स्टोनमार्ट में शनिवार को खरीदारों और विजिटर्स की भारी भीड़ रही। मार्ट में राजस्थान से आए मार्बल खनन व्यवसायी, स्टोन कटिंग पालिशिंग उद्योग से जुड़े कारोबारियों को विदेशों से भी बायर्स की पूछताछ के अलावा काफी मात्रा में ऑर्डर्स भी मिल रहे हैं। इस दौरान हुई चर्चा में वक्ताओं ने कहा कि राजस्थान में पत्थर बहुतायत में उपलब्ध है, इसलिए इनका पारम्परिक निर्माण में आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने निर्माण कार्यों में पुरानी चट्टानों के पत्थरों का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई चट्टानों से पत्थरों की लाइफ काफी कम होती है। जोधपुर से आए बाबा मार्बल्स के युधिष्ठिर देवड़ा ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लोगों में धार्मिक भावनाए जगी है और जगह-जगह मंदिरों का जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है, जिससे स्टोन इंडस्ट्री को और भी ऑर्डर मिलने की संभावना है। केजीके ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट श्री संजय कोठारी ने कहा कि मार्ट में एक्जीबीटर्स को पूरा सपोर्ट मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार डॉमेस्टिक एव फॉरेन बायर्स से हमें अच्छा रेस्पॉन्स मिला है।





### विरासत को बचाए रखना जरूरी

स्टोनमार्ट-2024 में शनिवार को तीसरे दिन जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल में देश विदेश से आए वास्तुकारों ने कहा कि बढ़ते पत्थरों के दामों के कारण हमें पत्थरों का किफायती उपयोग करने के साथ ही निर्माण कार्य हो वहीं का पत्थर उपयोग करना होगा। सीमेंट कॉन्क्रीट का उपयोग करने से जहां उनका भविष्य में दुबारा उपयोग नहीं किया जा सकता, वहीं सुर्खी और पत्थरों से किए जाने वाले निर्माण को ढहाने की स्थिति में इसकी पूरी निर्माण सामग्री का दुबारा से उपयोग किया जा सकता है।

### बढ़ते दामों को देखते हुए स्थानीय स्टोन्स का हो अधिकतम उपयोग

जोधपुर के आर्किटेक्ट अनु मृदुल ने बताया कि पत्थरों के बढ़ते दामों को देखते हुए हमें चीन या स्टोन्स का उपयोग करने के स्थान पर स्थानीय उपलब्ध स्टोन्स को ही काम में लेने का प्रयास करना चाहिए, इसका पहला लाभ तो यह होगा निर्माण लागत में कमी आएगी वहीं स्थानीय स्टोन सप्लायर्स को भी आय हो सकेगी। जिन इलाकों में पत्थर का खनन नहीं होता वहां क्लैडिंग में इसे काम लाया जा सकता है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 04 फरवरी, 2024



ज्ञानी वह है, जो वर्तमान को ठीक प्रकार समझे और परिस्थिति के अनुसार आचरण करे।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





## यूरोपीय देशों में किसानों का आंदोलन जारी

यूरोपीय देशों में इन दिनों किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने कई शहरों में आगजनी और ट्रैक्टर्स को बीच रास्तों में लगाकर आवजाही बाधित कर रखी है। किसानों के मार्च के दौरान जगह जगह आगजनी की घटनाएं भी सामने आईं। बेल्जियम में हजारों की तादाद में किसानों ने यूरोपीय संसद के बाहर प्रदर्शन किया। किसान कई हफ्तों से इस बात पर अफसोस जता रहे हैं कि यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण ऊर्जा और उर्वरक की कीमतें बढ़ने, अधिक और सस्ते कृषि आयात के यूरोपीय संघ में प्रवेश करने और सूखे, बाढ़ आदि के कारण फसलें नष्ट हो जाने से सम्मानजनक जीवन जीना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण लगी आग। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि यूरोपीय संघ ने इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने सदस्य देशों के किसानों को पर्याप्त समर्थन नहीं दिया है।

### जॉर्डन सैन्य बेस पर हुए हमले का लिया बदला

# इराक-सीरिया में 85 ठिकानों पर यूएस ने की एयर स्ट्राइक

■ 40 नागरिकों की मौत, 25 लोग घायल

**एजेंसी** | काहिरा

अमेरिका ने हाल ही में जॉर्डन में अपने सैन्य बेस पर हुए हमले का बदला ले लिया है। अमेरिकी सेना ने जॉर्डन हमले का जवाब देते हुए इराक और सीरिया में 85 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में मिलिशिया समूह के छह लड़ाके मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

इस हमले में अमेरिका से भेजे गए लंबी दूरी के बमवर्षक विमानों सहित कई विमान शामिल थे। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि जिन ठिकानों पर हमला किया गया। उनमें कमान और नियंत्रण संचालन केंद्र, खुफिया केंद्र, रॉकेट और मिसाइल और मानव रहित हवाई वाहन भंडारण, मिलिशिया समूहों और उनके आईआरजीसी प्रायोजकों की रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला केंद्र शामिल हैं। वहीं इस एयर स्ट्राइक में 40 नागरिकों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है, वहीं 25 लोग घायल हैं। इराक सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कई अमेरिकी विमानों ने आकाशत और अल-क़ैम क्षेत्रों में बमबारी की। इस जबरदस्त हमले के कारण नागरिकों समेत 40 लोग मारे गए हैं और 25 घायल हो गए हैं। इसके अलावा हमले के कारण आवासीय भवनों और नागरिकों की संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है।



### जो हमें नुकसान पहुंचाएगा उसे जवाब देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, हमारी प्रतिक्रिया आज से शुरू हुई। आगे भी यह जारी रहेगी और इसकी जगह और समय हम तय करेंगे। राष्ट्रपति बाइडेन ने एक बयान में कहा, यूएस मध्य पूर्व या दुनिया में कहीं भी संघर्ष नहीं चाहता। लेकिन जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, उन्हें यह जान लेना चाहिए कि अगर आप किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचाते हैं तो हम जवाब देंगे।

### पाक के पूर्व प्रधानमंत्री को चौथी बार मिली सजा

# इमरान की शादी अवैध

■ चुनाव से पहले खान दंपती को 7 साल की जेल

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में चल रहा है और वोटिंग के लिए अब एक हफ्ते से भी कम समय ही बचे हैं। लेकिन इस बीच एक स्थानीय कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और बुशरा बीबी की शादी को अवैध करार दे दिया है। 'गैर-इस्लामिक निकाह' मामले में जेल में बंद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 7 साल कैद की भी सजा सुनाई गई है। 2022 के बाद से ही इमरान खान को लगातार सजा सुनाई जा ही है। 71 साल के इमरान की यह चौथी सजा है। इस सजा से अगले हफ्ते (8 फरवरी) होने वाले चुनावों से पहले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, इमरान खान को सिफर मामले में 10 साल और तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। अब इद्दत मामले में इमरान को 7 साल की जेल की सजा सुनाई गई है, जिससे अब तक उन्हें 31 साल की जेल की सजा सुनाई जा चुकी है।



### 5 अगस्त से जेल में बंद

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पिछले साल 5 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था, जब उन्हें पाकिस्तान के चुनाव आयोग की ओर से दायर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाया गया था, तभी पीटीआई संस्थापक को कैद कर लिया गया, पहले उन्हें अटॉक जेल में और बाद में अदियाला जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

### बुशरा बीबी के पूर्व पति ने किया केस

बुशरा बीबी के पहले पति, खावर मनेका ने शादी के खिलाफ कोर्ट में केस दाखिल किया था, जिसमें उनकी ओर से यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दो विवाहों के बीच अनिवार्य विराम या इद्दत का पालन करने की इस्लामी प्रथा का उल्लंघन किया। मनेका ने अपनी पूर्व पत्नी और इमरान खान पर शादी से पहले निजी संबंध बनाने का भी आरोप लगाया, जिसमें पत्थर मारकर मौत की सजा देना का अपराध है।

### समुद्री व्यापार को हूती विद्रोहियों से बचाने की कवायद

# जहाजों को एस्कॉर्ट करेगी चीनी नौसेना

**एजेंसी** | बीजिंग

लाल सागर के रास्ते समुद्री व्यापार पर मंडराते खतरों के बीच चीन आलोचकों के निशाने पर है। हूती विद्रोहियों पर नकेल कसने में ढिलाई के आरोप झेल रही चीनी नौसेना ने अब मालवाहक जहाजों को एस्कॉर्ट करने का फैसला लिया है। एक शिपिंग कंपनी और चीनी सरकार की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीनी नौसेना ने लाल सागर के रास्ते मालवाहक जहाजों का परिवहन शुरू कर दिया है। बता दें कि सात अक्तूबर, 2023 को शुरू हुए इजराइल और हमास के हिंसक संघर्ष के बाद 27 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सैनिकों की कार्रवाई से बौखलाए हूती विद्रोही कथित तौर पर ईरान का समर्थन पाने के बाद समुद्री कारोबार करने वाले मालवाहक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। चीनी नौसेना ने मालवाहक जहाजों को एस्कॉर्ट करने का फैसला ऐसे समय में लिया है, जब दुनियाभर में लाल सागर के रास्ते समुद्री कारोबार करने वाली शिपिंग कंपनियों ने हूती हमलावरों के हमलों के बीच परिवहन कम कर दिया है।



## लेबर पार्टी ने बदली रणनीति

**लंदन।** लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंचने के अपनी कोशिशों में बदलाव कर रही है। देश के सबसे बड़े जातीय अल्पसंख्यक समुदाय के बीच पार्टी का समर्थन हाल के वर्षों में कम हुआ है और लेबर पार्टी ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह तक पहुंच बनाने के लिए अपनी रणनीति बदल रही है।

# फ्रांस: रेलवे स्टेशन पर हमला

**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा में बड़ी चूक होने का मामला सामने आ रहा है। एक हमलावर चाकू लेकर यहां सुरक्षाकर्मियों को चकमा देते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक पहुंच गया और उसने 3 लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू लगने से 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मामला फ्रांस के गारे डे ल्योन ट्रेन स्टेशन का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एक हमलावर ने यहां चाकू घोपकर तीन लोगों को घायल कर दिया। पेरिस पुलिस के अनुसार हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है और घायलों में एक की हालत गंभीर है।


पुलिस ने बताया कि हमलावर के पास धारदार हथियार था, जिसे बरामद कर लिया गया है। उससे पुलिस स्टेनश में पूछताछ की जा रही है।

### ब्रह्मांड का सबसे बड़ा एक्स-रे मैप आया सामने

# यूनिवर्स में 7 लाख से ज्यादा ब्लैक होल

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

ब्रह्मांड का अब तक का सबसे बड़ा एक्स-रे मैप सामने आया है। वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड के अब तक के सबसे बड़े एक्स-रे मैप जारी किया है। एक्स-रे मैप में 9,00,000 से ज्यादा हाई एनर्जी ब्रह्मांडीय स्रोत पाए गए हैं, जिनमें 7,00,000 से ज्यादा सुपरमैसिव ब्लैक होल भी शामिल हैं। जर्मन eROSITA कंसोर्टियम ने 31 जनवरी को रूसी-जर्मन उपग्रह स्पेक्ट्रम-आरजी पर eROSITA एक्स-रे टेलीस्कोप द्वारा इकट्ठा किया गया डेटा को प्रकाशित किया गया है। मिशन को मैनेज करने में मदद करने वाली जर्मनी में मैक्स प्लैंक सोसाइटी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पहला eROSITA ऑल-स्काई सर्वे कैटलॉग अब तक पब्लिश एक्स-रे स्रोतों का सबसे बड़ा कलेक्शन है।



ब्रह्मांड मैप में ऐसी है गैलेक्सी

मैक्स प्लैंक सोसाइटी ने कहा कि eROSITA को फरवरी 2022 में "सेफ मोड' में डाल दिया गया था और तब से साइंस ऑपरेशन्स फिर से शुरू नहीं हुए हैं। दूर की गैलेक्सी में करीब 7,10,000 सुपरमैसिव ब्लैक होल के अलावा, 9,00,000 हाई एनर्जी के अलावा 1,80,000 एक्स-रे उत्सर्जित करने वाले तारे, 12,000 क्लस्टर ऑफ गैलेक्सी के साथ ही एक्स-रे उत्सर्जित करने वाले बाइनरी तारे, सुपरनोवा अवशेष, पल्सर और अन्य ऑब्जेक्टिव्स भी शामिल हैं। EROSITA की प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर एंड्रिया मेरलोनी ने कहा, ये एक्स-रे खगोल विज्ञान के लिए शानदार नंबर्स हैं। उन्होंने कहा, हमने 6 महीनों में बड़े फ्लैगशिप मिशन एक्सएमएम-न्यूटन और चंद्रा द्वारा करीब 25 सालों के ऑपरेशन में किए गए स्रोतों की तुलना में अधिक स्रोतों का पता लगाया है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl